कार्तिक, पक्ष - कृष्ण, तिथि - सप्तमी, संवत 2081 जयपुर, बुधवार वर्ष-10, अंक-36, 6 नवम्बर - 12 नवम्बर, 2024 मूल्य ₹ 5/- वार्षिक मूल्य : ₹ 250/- पृष्ठ : 8

भारत सरकार एवं राजस्थान सरकार से सरकारी विज्ञापनों के लिए स्वीकृत

सकारात्मक साप्ताहिक हिन्दी अखबार

# जागरूक जनता

शुभ दीपोत्सव

jagrukjanta.net

## ऑन लाइन भुगतान-बाजार से गायब हो रही नगदी, ब्लैक से मिलने लगे रुपए!

**सटीक**



**शिव दयाल मिश्रा**
@jagrukjanta.net

**आजकल** आमजन पेटीएम और फोन-पे या अन्य किसी डिजीटल माध्यम से भुगतान करने लगे हैं। ये अच्छी बात है कि हमारे प्रधानमंत्री ने विकसित भारत के सपने को साकार करने के लिए लोगों को जागरूक किया है। डिजीटल भुगतान से सरकारी सुविधा एवं योजनाओं का पैसा भी सीधे खाते में जाता है और व्यक्ति चाहे तो स्वयं ही उसे निकाल सकता है। कई सुविधाएं हमें इस समय प्राप्त हो रही हैं। हालांकि साइबर ठगी करने वाली टीम भी सक्रिय रहती है जो किसी न किसी बहाने बैंक से पैसों को साफ कर ही लेती है। खैर ये अलग विषय है। हम बात कर रहे थे बाजार से नगदी गायब होने की। तो, आजकल छोटे से छोटा और बड़े से बड़ा व्यापारी ऑन लाइन लेनदेन करने लगे हैं। लोगबाग जेब में नगद पैसा ही नहीं रखते हैं। उन्हें जब अचानक नगद पैसों की जरूरत पड़ती है तो वे लोगों से विनती करते हैं कि आप हमें कैश दे दीजिए हम आपको फोन-पे कर देते हैं। कई लोग हां कह देते हैं और कई लोग मना कर देते हैं। परेशान होकर वह ई-मित्र ढूंढ़ने लगता है, क्योंकि उसे चाहिए नगद पैसे। ऐसे जरूरतमंद बदले में 10, 20, 50 या 100 रुपए अमाउंट के हिसाब से ज्यादा दे देते हैं। जिस तरह से एक रुपए, दो रुपए, पांच रुपए एवं दस व 50 रुपए की गड्डियां गायब हो गई हैं, बैंक में जाते हैं तो 'नहीं है' में जवाब मिलता है और ब्लैक से आप धड़ल्ले से ले सकते हैं। आम आदमी को तो बैंक से भी ये गड्डियां मिलना मुश्किल हो गया है। जबकि कमीशन एजेंटों के पास से जितनी चाहे उतनी मिल जाएगी। बशर्ते आपको कमीशन देना होगा। अब सहज ही अंदाजा लगा सकते हैं कि दलालों के पास ये गड्डी कहां से आती है। घर में तो छापते नहीं है। आने वाले दिनों में यह हाल नगद रुपए पैसों का हो सकता है। ऐसा निश्चित रूप से तो नहीं कह सकते, मगर जिस तरह आजकल जिधर देखो उधर ही 'भाई साहब, अंकलजी, भैया! नगद पैसे दे दीजिए, हम आपको फोन-पे कर देते हैं, चाहे हम आपको कुछ ज्यादा भुगतान कर देंगे' सुनने को मिल रहा है। ऐसे में साफ दिखाई देने लगा है कि कुछ समय बाद इस तरह नगद पैसा देने का खुले में एक बिजनस बन जाएगा। क्योंकि बिना नगदी के हाल-फिलहाल तो काम चलने वाला नहीं है। अब इसका दूसरा पहलू देखें तो यह एक तरह से लोगों को रोजगार भी उपलब्ध कराएगा। क्योंकि बिना कमीशन के कोई क्यों नगदी देगा। कमीशनखोरी की वजह से दिखाई दे रहा है कि लोग-बाग बैंक से नकदी लाकर रखेंगे और इस तरह के जरुरतमंदों को कमीशन पर नगदी उपलब्ध कराएंगे। हो सकता है बैंक भी कुछ समय बाद कहने लग जाएं कि अभी 'नगदी नहीं' है। अब जो दिख रहा है उसके साथ सामंजस्य बिठाना ही पड़ेगा। फिलहाल दूसरा कोई चारा दिखाई नहीं देता।

shivdayalmishra@gmail.com

### सुप्रीम कोर्ट ने सुनाया ऐतिहासिक फैसला

# निजी संपत्ति पर नियंत्रण नहीं कर सकती सरकार

जागरूक जनता
jagrukjanta.net



**नई दिल्ली।** क्या जनकल्याण के लिए किसी की निजी संपत्ति ली जा सकती है? इस मामले पर सुप्रीम कोर्ट का फैसला आ गया है। सुप्रीम कोर्ट ने कहा है कि हर निजी संपत्ति को सामुदायिक संपत्ति नहीं कह सकते। सार्वजनिक हित में निजी संपत्ति की समीक्षा हो। सुप्रीम कोर्ट की पीठ ने बहुमत से पिछले आदेश को पलट दिया है।

चीफ जस्टिस ने बहुमत के फैसले में तय किया है कि हर निजी संपति को सामुदायिक भौतिक संसाधन नहीं माना जा सकता। कुछ खास संसाधनों को ही सरकार सामुदायिक संसाधन मानकर इनका इस्तेमाल सार्वजनिक हित के लिए कर सकती है, सभी संसाधनों का नहीं। पीठ ने बहुमत से जस्टिस कृष्ण अय्यर के पिछले फैसले को खारिज कर दिया, जिसमें कहा गया था कि सभी निजी स्वामित्व वाले संसाधनों को राज्य द्वारा अधिग्रहित किया जा सकता है। इस मामले पर सुप्रीम कोर्ट ने कहा कि 1960 और 70 के दशक में समाजवादी अर्थव्यवस्था की ओर झुकाव था। लेकिन 1990 के दशक से बाजार उन्मुख अर्थव्यवस्था की ओर ध्यान केंद्रित किया गया।

### यूपी मदरसा एक्ट को मान्यता

» **जागरूक जनता @ नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट ने इलाहाबाद हाई कोर्ट के उस फैसले को रद्द कर दिया है, जिसमें मदरसा एक्ट को असंवैधानिक करार दिया गया था। इस फैसले से उत्तर प्रदेश के मदरसों में पढ़ने वाले लाखों छात्रों और शिक्षकों को राहत मिली है, क्योंकि इससे मदरसों की मान्यता और संचालन पर सवाल उठे थे। इलाहाबाद हाई कोर्ट ने मदरसा एक्ट को संविधान के अनुच्छेद 14 (समानता का अधिकार) का उल्लंघन मानते हुए असंवैधानिक ठहराया था, लेकिन सुप्रीम कोर्ट के इस निर्णय के बाद अब मदरसों का संचालन पूर्ववत् जारी रह सकेगा।

## महिलाओं को 2500 रुपए, 450 रुपए में सिलेंडर और सरना धर्म कोड, झारखंड में I.N.D.I.A. ब्लॉक ने दीं 7 गारंटियां

» **जागरूक जनता @ रांची।** झारखंड विधानसभा चुनाव के लिए इंडिया गठबंधन ने अपना घोषणापत्र जारी कर दिया है। झारखंड की राजधानी रांची में मंगलवार JMM और कांग्रेस ने मिलकर इंडिया गठबंधन की 7 गारंटियों की घोषणा की। इस दौरान झारखंड के सीएम हेमंत सोरेन और कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे मौजूद रहे। झारखंड में अगर INDI अलायंस की सरकार बनी तो 10 लाख नौकरी, प्रति व्यक्ति 7 किलो राशन का वादा किया गया। खास तौर पर महिलाओं के लिए हेमंत सोरेन ने मइया गारंटी का ऐलान किया है। इसके तहत 2500 रुपये की सम्मान राशि दी जाएगी। इंडिया गठबंधन ने जनता से वादा किया है कि सरकार बनने पर मईयां सम्मान योजना के अंतर्गत महिलाओं को 2,500 की सम्मान राशि दी जाएगी। यानी साल भर में महिलाओं को 30 हजार रुपये दिया जाएगा। साथ ही गरीब परिवारों को सात किलो प्रति व्यक्ति राशन दिया जाएगा। इसके साथ ही, गैस सिलेंडर राज्य के हर गरीब परिवार को 450 रुपये में दिया जाएगा। इंडिया गठबंधन ने वादा किया है कि झारखंड के 10 लाख युवक-युवतियों को नौकरी एवं रोजगार उपलब्ध कराया जाएगा।

### सीजेआई चंद्रचूड़ ने मीडिया कार्यक्रम में व्यक्त किए विचार

## स्वतंत्र न्यायपालिका का मतलब सरकार के खिलाफ फैसले देना नहीं

जागरूक जनता
jagrukjanta.net



**नई दिल्ली।** देश के चीफ जस्टिस डीवाई चंद्रचूड़ ने कहा कि स्वतंत्र न्यायपालिका का मतलब यह नहीं कि हमेशा सरकार के खिलाफ ही फैसले सुनाए जाएं। न्यायिक स्वतंत्रता सिर्फ कार्यपालिका (सरकार) से ही नहीं बल्कि विभिन्न तरह के दबाव व हितबद्ध समूहों के प्रभाव से मुक्त रहना भी है। न्यायालय की भूमिका राजनीतिक विपक्ष की नहीं है। आगामी 10 नवंबर को रिटायर हो रहे सीजेआई चंद्रचूड़ ने एक मीडिया कार्यक्रम यह विचार व्यक्त किए।


### वरिष्ठ नहीं होने से नहीं बनीं महिला जज

अपने कार्यकाल में सुप्रीम कोर्ट में नियुक्त 18 जजों में से एक भी महिला नहीं होने के सवाल पर सीजेआइ ने कहा कि वरिष्ठता क्रम में महिला जज नहीं होने के कारण ऐसा नहीं हो सका। उन्हें इस बात का अफसोस नहीं, क्योंकि वे कई कॉलेजियम का हिस्सा रहे हैं जिन्होंने महिला जजों की नियुक्ति की सिफारिश की।

### उत्कृष्टता से बनते हैं जज

उच्च न्यायपालिका में आरक्षण की आवश्यकता के सवाल पर सीजेआई ने कहा कि सुप्रीम कोर्ट में, हमने अधिक विविधता रखने का सचेत निर्णय लिया। उच्च न्यायपालिका में आरक्षण की व्यवस्था नहीं है लेकिन हमने समाज के अधिक हाशिए वाले वर्गों से जज बनाने के प्रयास किए हैं।

HBOT जीवन रक्षक प्रणाली द्वारा इलाज
ऑक्सीजन (प्राणवायु) ट्रीटमेंट
» मस्तिष्क चोट, पक्षाघात/लकवा
» सेरेब्रल पाल्सी, ऑटिज्म
» असाध्य घाव/शुगर के घाव
» कैंसर (रेडियो थेरेपी) के साईड इफेक्ट
» अचानक बहरापन (Hearing Loss)
» डाईबेटिक फुट में अम्पुटेशन (पैर कटने) से बचाव
अधिक जानकारी के लिए सम्पर्क करें:-
98290-17133, 70737-77133
9983317133
डॉ. हिमांशु अग्रवाल M.B.B.S. M.D.
नेशनल हायपरबैरिक रिसर्च सेन्टर
594-B-C, जेम्स कॉलोनी, सैक्टर-3, मंदिर मोड, विद्याधर नगर, जयपुर
Dept. of Hyperbaric Medicine
Fortis Escorts Hospital
JLN Marg, Malviya Nagar, Jaipur
E-mail : hbotjaipur@gmail.com
www.nationalhbot.in






### दीपोत्सव : गुलाबी नगरी ने किया पांच दिवसीय त्योहार का शानदार स्वागत, दुल्हन-सा सजा शहर

# रंग-बिरंगी रोशनी से शहर का श्रृंगार

जयपुर की दिवाली देशभर में प्रसिद्ध है। राजधानी जयपुर के बाजारों को इस बार अयोध्या, श्रीराम की थीम और राइजिंग राजस्थान थीम पर सजाया गया। रामायण के अलग-अलग प्रसंगों को मूर्तियों के जरिए दिखाया गया है। एमआई रोड पर सीता स्वयंवर, चांदपोल बाजार में अशोक वाटिका, राजापार्क में राम मंदिर प्राण प्रतिष्ठा, जौहरी बाजार में राम राज्य जैसी झांकियां सजाई गई हैं। शहर की विरासत के साथ रोशनी देखने बड़ी संख्या में टूरिस्ट जयपुर आते हैं। लाइटिंग का समय रात एक बजे तक रखा है।







**चांदपोल बाजार :** व्यापार मंडल की ओर से इस बार बाजार को अयोध्या थीम पर सजाया गया।



**नेहरू बाजार :** सितारे जमीं पर उतरे।



**बापू बाजार :** रोशनी देखने देर रात तक आ रहे लोग।




**एमआई रोड :** हनुमानजी की झांकी बनी आकर्षण का केंद्र।




**जौहरी बाजार :** राममय हुई छोटी काशी, अयोध्या की झलक आई नजर।



**पांचबत्ती :** मंडप की तरह सजा बाजार।



**हवामहल :** स्वर्ण-सी आभा बिखेरता जयपुर का ताज हवामहल।



**त्रिपोलिया बाजार :** शेषनाग पर विराजे लक्ष्मी-विष्णु।

# राशन का गेहूं लेने वालों को भी मिलेगा 450 में गैस सिलेंडर

जागरूक जनता
jagrukjanta.net

**जयपुर।** यदि आपको राशन का गेहूं मिलता है तो आपको लिए खुशखबरी है। अब आपको भी 450 रुपए में रसोई गैस सिलेंडर दिया जाएगा। इसकी प्रक्रिया शुरू हो गई है। खाद्य, नागरिक आपूर्ति एवं उपभोक्ता मामले विभाग की ओर से सभी राशन का गेहूं प्राप्त करने वाले परिवारों अर्थात एनएफएसए के लाभान्वितों को 450 रुपए में एलपीजी सिलेण्डर उपलब्ध कराया जाएगा। राशन का गेहूं लेने वाले परिवार अर्थात राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा योजना के लाभार्थी परिवार अपनी एलपीजी आईडी को राशनकार्ड/आधार कार्ड से उचित मूल्य दुकान के माध्यम से सीडिंग करवाना होगा। यह प्रक्रिया 5 नवम्बर से शुरू हो गई है। जो आगामी 30 नवम्बर तक जारी रहेगी।

### इनको भी दी जाएगी सुविधा

**ऐसे** राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा परिवार या उनके सदस्य जिनके आधार कार्डों की सीडिंग नहीं हुई है उनको भी राहत प्रदान करते हुए उचित मूल्य दुकान स्तर से ही पोस मशीन के माध्यम से आधार नम्बर सीडिंग का प्रावधान किया गया है। जिनके आधार कार्डों की सीडिंग नहीं हो रखी है वह समस्त लाभार्थी आधार कार्ड नम्बर की सीडिंग करवाना होगा। छूटे हुए लाभार्थियों की ई-केवाईसी भी उचित मूल्य दुकानदार द्वारा पोस मशीन से की जाएगी।

**जल जीवन मिशन के कार्यों के लिए 658.12 करोड रुपए किए स्वीकृत, 23 जिलों के 507 गांवों के लिए 181 कार्यादेश जारी होंगे**

# भजन सरकार के प्रयासों से हर घर जल का सपना होगा साकार

जागरूक जनता
jagrukjanta.net



**जयपुर।** मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा के अथक प्रयासों एवं पहल पर प्रदेश में जल जीवन मिशन के कार्यों को गति प्रदान करने के लिए 23 जिलों के 46 पंचायत समितियों के 507 गांवों में 181 कार्यादेश जारी करने के लिए 658.12 करोड रुपए स्वीकृत किए गए हैं। इससे न केवल प्रदेश में जल जीवन मिशन के कार्यों को गति मिलेगी बल्कि इन जिलों के 1.12 लाख घरों में घरेलू जल कनेक्शन उपलब्ध करवा कर लाभान्वित किया जाएगा। मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने बताया कि जल जीवन मिशन योजना केंद्र सरकार की एक महत्वाकांक्षी योजना है। लेकिन पूर्ववर्ती सरकार सरकार ने इस योजना को गंभीरता से नहीं लिया, जिसकी वजह से निर्धारित समय अवधि में काम पूरे नहीं हो सके। अब राज्य सरकार हर घर नल से जल पहुंचाने के लिए दृढ़ संकल्पित है। योजना को गति देने के लिए 658.12 करोड रुपए स्वीकृत किए गए हैं।

### इन जिलों में होंगे कार्य आदेश

जलदाय मंत्री श्री कन्हैया लाल ने बताया कि प्रदेश के अजमेर, बालोतरा, बारां, भरतपुर, चित्तौडगढ़, डीग, धौलपुर, गंगापुरसिटी, हनुमानगढ, जैसलमेर, झालावाड़, जोधपुर, करौली, केकड़ी, पाली, सवाईमाधोपुर, सिरोही, श्री गंगानगर एवं उदयपुर के 33 पंचायत समितियों के 413 गांवों के लिए 520.28 करोड़ रूपये की 137 कार्यादेश जारी किये जायेगे। इन स्वीकृतियों से ना केवल जल जीवन मिशन के कार्यों को गति मिलेगी बल्कि इन जिलों के गांवों में रहने वाले व्यक्तियों को योजना के तहत स्वच्छ पेयजल उपलब्ध होगा जो कि हर घर जल के सपने को साकार करेगा।

### आदर्श आचार संहिता के बाद इन जिलों मे जारी होंगे कार्यादेश

जलदाय मंत्री ने बताया कि प्रदेश के अलवर, डुंगरपुर, झुंझुनु व सलुम्बर मे आदर्श आचार संहिता प्रभावी होने के कारण इन जिलों मे आदर्श आचार संहिता के बाद कार्यादेश जारी किये जायेंगे। उल्लेखनीय है कि प्रदेश में जल जीवन मिशन योजना के तहत 46.31 लाख (48 प्रतिशत) घरों में घरेलू जल संबंध स्थापित कर लाभान्वित किया जा चुका है।




## एजुकेशन प्री-समिट आज

**» जागरूक जनता @ जयपुर।** राइजिंग राजस्थान से पूर्व उच्च शिक्षा, स्कूल शिक्षा, संस्कृत शिक्षा, तकनीकी शिक्षा, कौशल एवं उद्यमिता विभाग तथा खेल एवं युवा मामलात के संयुक्त तत्वावधान में 6 नवंबर को एजुकेशन प्री-समिट 2024 का आयोजन होगा। होटल इंटरकॉन्टिनेंटल, टोंक रोड में होने वाले इस शिक्षा सम्मेलन में मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा मुख्य अतिथि होंगे तथा उप मुख्यमंत्री प्रेमचंद बैरवा, कर्नल राज्यवर्धन सिंह राठौड़, उद्योग एवं वाणिज्य, सूचना प्रौद्योगिकी एवं संचार, युवा मामले एवं खेल, कौशल, योजना एवं उद्यमिता विभाग और शिक्षामंत्री मदन दिलावर भी शिरकत करेंगे। समिट का उद्देश्य शिक्षा क्षेत्र में नवाचार, डिजिटल तकनीकों का उपयोग, और शिक्षा के क्षेत्र में निवेश की संभावनाओं पर चर्चा करना है।

**मुख्यमंत्री ने की समिट की तैयारियों की समीक्षा**

# राइजिंग राजस्थान समिट से प्रदेश की वैश्विक स्तर पर बढ़ेगी साख



जागरूक जनता
jagrukjanta.net

**जयपुर।** मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने कहा कि राइजिंग राजस्थान ग्लोबल इस्वेस्टमेंट समिट से प्रदेश की वैश्विक स्तर पर साख बढेगी। उन्होंने कहा कि समिट के दौरान सांस्कृतिक कार्यक्रमों सहित अन्य गतिविधियों में राजस्थान की लोक संस्कृति एवं कला से संबंधित थीम को ज्यादा से ज्यादा जोड़ा जाए। जिससे इस ग्लोबल समिट में भाग लेने वाले देश-विदेश के निवेशकों को भी राजस्थान की समृद्ध एवं लुभावनी लोक संस्कृति की झलक देखने को मिले। शर्मा मुख्यमंत्री कार्यालय में राइजिंग राजस्थान ग्लोबल इंवेस्टमेंट समिट के आयोजन की तैयारियों को लेकर समीक्षा कर रहे थे। उन्होंने निर्देश दिए कि 9 से 11 दिसम्बर तक आयोजित होने वाली इस समिट की तैयारियों को अन्तिम रूप देते हुए समिट का सफल आयोजन सुनिश्चित किया जाए।

### ज्यादा से ज्यादा प्रवासी राजस्थानियों को समिट से जोड़ा जाए

**मुख्यमंत्री** ने कहा कि समिट के प्रवासी राजस्थान कॉन्क्लेव में ज्यादा से ज्यादा प्रवासी राजस्थानियों को आमंत्रित किया जाए तथा कार्यक्रम की थीम को राजस्थान की संस्कृति से जोड़ा जाए। इस दौरान राज्य सरकार द्वारा प्रदेश में निवेश को लेकर किए जा रहे प्रयासों से रूबरू करवाया जाए। उन्होंने प्रदर्शनी में एक जिला-एक उत्पाद, राजीविका एवं कंट्री पार्टनर के पवेलियन लगाए जाने के संबंध में जानकारी ली एवं इस संबंध में दिशा-निर्देश दिए।




# श्रीलाल रिझूमल साधवानी ने 7 समंदर पार से भारत आकर पत्नी संग मनाई दीपावली





जागरूक जनता
jagrukjanta.net

**जयपुर।** भारतीय संस्कृति पूरी दुनिया में फैली हुई है, क्योंकि भारतीय संस्कृति में सतरंगी धनुष की तरह सब रंग व्याप्त है। 1947 के बंटवारे के बाद जयपुर आए श्रीलाल रिझूमल साधवानी परिस्थितियों से लड़ते हुए अमरीका जाकर बस गए थे। वहां अपने परिवार के साथ अमन-चैन से रह रहे हैं। मगर, अपनी मातृभूमि को कोई नहीं भूलता। इसी कड़ी में साधवानी प्रतिवर्ष अपने परिजनों के साथ भारत आते हैं। यहां उन्होंने श्रीसंत बाबा मेहरदासम मंदिर ट्रस्ट का गठन कर रखा है जो मुरलीपुरा स्कीम जयपुर में संचालित है। ट्रस्ट के माध्यम से वे गरीबों व अन्य जरूरतमंदों की सेवा करते हैं। उनके कार्य को मूर्तरूप देते हैं लोकचंद हरिरामानी। 92 वर्षीय साधवानी इस समय जयपुर प्रवास पर हैं। उन्होंने दीपावली का भरपूर आनंद लिया। लोगों को मिठाई और वस्त्र भी भेंट किए। उन्होंने अपने अनुभव साझा करते हुए कहा कि अमेरिका में भी दीपावली का त्योहार बड़ी धूमधाम से मनाया जाता है। मगर, अपनी मातृभूमि पर त्योहार मनाने का आनन्द ही कुछ और है। साधवानी के साथ उनकी धर्मपत्नी भी जयपुर प्रवास पर हैं। उन्होंने भी मुरलीपुरा में दीपावली की खुशियां बांटते हुए दीपावली मनाई।

**राजस्थान के सरपंचों के लिए बड़ी खुशखबरी**

# 6759 ग्राम पंचायतों का कार्यकाल बढ़ाने की तैयारी

जागरूक जनता
jagrukjanta.net

**जयपुर।** राजस्थान में वन स्टेट वन इलेक्शन की घोषणा के चलते जनवरी 2025 में समाप्त हो रहे ग्राम पंचायतों का कार्यकाल बढ़ाया जा सकता है। इसे लेकर सरकार में मंथन चल रहा है। हालांकि अभी तक सरकार ने इस पर कोई फैसला नहीं लिया है। जनवरी माह में 6759 ग्राम पंचायत का कार्यकाल पूरा हो रहा है। नए जिलों पर फैसले के बाद ही ग्राम पंचायतों, पंचायतों और जिला परिषदों का पुनर्गठन होगा। ऐसे में तब तक चुनाव टाले जा सकते हैं। मार्च 2025 में 704 और सिंतबर 2025 में 3847 ग्राम पंचायतों का कार्यकाल पूरा होगा। हालांकि 73 व 74वें संविधान संशोधन के प्रावधानों के मुताबिक ग्राम पंचायतों का चुनाव हर पांच साल में कराना अनिवार्य है। ऐसे में सरकार को चुनाव टाले जाने के विशेष कारण भी बताने होंगे। सूत्रों की मानें तो सरपंचों का कार्यकाल बढ़ाने का फैसला कैबिनेट की बैठक में लिए जाने की बात कही जा रही है।

### प्रशासकों पर दुविधा में सरकार

**पंचायत** राज विभाग से जुड़े सूत्रों की माने तो पहले सरकार जिन ग्राम पंचायतों का कार्यकाल समाप्त हो रहा था। वहां प्रशासक लगाने पर विचार कर रही थी लेकिन पंचायत राज नियमों के तहत 6 माह से अधिक समय के लिए प्रशासक नहीं लगाई जा सकते हैं। अगर प्रशासकों का कार्यकाल बढ़ाया जाता है तो इसके लिए सरकार को विधानसभा का विशेष सत्र बुलाकर प्रस्ताव पास कर केंद्र को भेजना होगा।









## सम्पादकीय

# परिसीमन, कास्ट सेंसस के सवाल, चुनौती मुश्किल है

आखिर देश में जनगणना की प्रक्रिया शुरू होने के आसार दिखने लगे हैं। हालांकि सरकार की ओर से आधिकारिक घोषणा इसकी अभी भी नहीं हुई है, लेकिन सूत्रों के हवाले से जिस तरह की सूचनाएं मीडिया में आई हैं और उनमें तैयारियों का जितना बारीक ब्योरा दिया गया है, उससे लगता है कि अब सरकार ने मन बना लिया है। हर दस साल के अंतर पर होने वाली जनगणना कायदे से 2021 में ही हो जानी चाहिए थी, लेकिन कोविड-19 महामारी से उपजे हालात के चलते इसे स्थगित करना पड़ा। लेकिन 2022 और 2023 के बाद अब 2024 भी बीतने को है। जनगणना में देरी से कई तरह की जटिलताएं पैदा हो रही हैं। लेटेस्ट डेटा उपलब्ध न होने की वजह से सरकारी योजनाओं के तहत फंड आदि के निर्धारण का काम भी 2011 के आंकड़ों के ही आधार पर हो रहा है, जो पुराने पड़ चुके हैं। इस बार की जनगणना को खास बनाने वाली एक बड़ी बात यह है कि इसके साथ परिसीमन संबंधी विवाद भी जुड़ गया है। देश में लोकसभा क्षेत्रों की सीमाओं के पुनर्निर्धारण की प्रक्रिया 2002 में किए गए संशोधन की वजह से टली हुई थी। उसके मुताबिक 2026 के बाद होने वाली जनगणना के आंकड़ों के आधार पर ही नया परिसीमन हो सकता है। अगर जनगणना नियमित अंतराल में होती तो परिसीमन का काम 2031 की जनगणना से मिले आंकड़ों के आधार पर होता। अब बदले हालात में यह 2027 में हो सकता है। इसका मतलब यह हुआ कि 2029 के लोकसभा चुनाव नए परिसीमन के मुताबिक होंगे। इस स्थिति ने दक्षिण और उत्तर के राज्यों का एक अवांछित विवाद खड़ा कर दिया है। चूंकि लोकसभा क्षेत्र के निर्धारण का एक मुख्य आधार जनसंख्या रही है, इसलिए माना जा रहा है कि परिसीमन के बाद लोकसभा में उत्तर भारत के राज्यों का हिस्सा अप्रत्याशित रूप से बढ़ जाएगा, जिससे राष्ट्रीय राजनीति में साउथ का दबदबा कमजोर पड़ेगा। देखना होगा कि सरकार साउथ की आशंका को मिटाने का क्या उपाय निकालती है।

इस बार की जनगणना के साथ जाति की गणना का प्रश्न भी जुड़ा है। विपक्षी दलों की इस मांग को NDA से जुड़े कुछ दलों का भी समर्थन हासिल है। अभी यह स्पष्ट नहीं है कि इस मसले पर सरकार अपना रुख कितना और कैसे बदलती है। महिलाओं के लिए एक तिहाई आरक्षण की व्यवस्था भी इसी सेंसस के बाद लागू होनी है। साफ है कि इस जनगणना से आबादी के अलग-अलग तबकों की कई सारी उम्मीदें और आशंकाएं जुड़ी हैं, जो इसे सरकार के लिए ज्यादा चुनौतीपूर्ण बनाती हैं।

**देश में जनगणना प्रक्रिया शुरू होने के संकेत मिल रहे हैं, हालांकि इसकी आधिकारिक घोषणा अभी तक नहीं हुई है। जनगणना में देरी से सरकारी योजनाओं के फंड निर्धारण में समस्याएं हो रही हैं। इस बार की जनगणना परिसीमन विवाद को भी प्रभावित करेगी और जाति गणना की मांग भी प्रमुख मुद्दा है।**

**दुनियाभर में ट्यूबरक्लोसिस (टीबी) एक बड़ी समस्या रही है, जिससे हर साल लाखों लोगों की मौत हो जाती है। भारत भी इस गंभीर स्वास्थ्य जोखिम से परेशान रहा है। भारत ने 2025 तक टीबी को खत्म करने का लक्ष्य बनाया था, हालांकि आंकड़े बताते हैं कि वास्तविक स्थिति, निर्धारित लक्ष्य से काफी दूर है।**

# दुनिया पर फिर कायम हुआ टीबी का खौफ

» जागरूक जनता
jagrukjanta.net



श्याम माथुर
पत्रकार
@jagrukjanta.net

**टीबी के इलाज और निदान के क्षेत्र में नई खोज भी हो रही है। फिलहाल 15 टीबी वैक्सीन विकास की प्रक्रिया में हैं, जिनमें से 6 का परीक्षण उच्च जोखिम वाले देशों में चल रहा है। डब्ल्यूएचओ ने उम्मीद जताई है कि 2028 तक कम से कम एक नई प्रभावी टीबी वैक्सीन उपलब्ध हो सकती है।**

विश्व स्वास्थ्य संगठन (डब्ल्यूएचओ) की एक हालिया रिपोर्ट के मुताबिक टीबी फिर से दुनिया की सबसे घातक संक्रामक बीमारी बन गई है, जिसके कारण कोविड-19 से भी ज्यादा मौतें हो रही हैं। विश्व स्वास्थ्य संगठन की नई 'ग्लोबल ट्यूबरकुलोसिस रिपोर्ट-2024' के मुताबिक 2023 में 82 लाख लोग टीबी से संक्रमित हुए, जो 1995 में निगरानी शुरू होने के बाद से सबसे ज्यादा है। यह आंकड़ा 2022 के 75 लाख नए मामलों से काफी अधिक है। रिपोर्ट हमें बताती है कि 2023 में 12.5 लाख लोगों की टीबी से मौत हुई, जो 2022 के 13.2 लाख मौतों से थोड़ी कम है। इसके बावजूद, यह संख्या 2023 में कोविड-19 से हुई 3.2 लाख मौतों से कहीं ज्यादा है। टीबी अब एचआईवी से भी ज्यादा लोगों की जान ले रही है। 2023 में एचआईवी से 6.8 लाख मौतें हुईं, जबकि टीबी से होने वाली मौतें लगभग दोगुनी हैं।

रिपोर्ट में यह भी बताया गया है कि 2023 में टीबी से संक्रमित लोगों की अनुमानित संख्या 1.08 करोड़ रही, जिसमें वे लोग भी शामिल हैं जिनकी बीमारी का औपचारिक रूप से पता नहीं चला था। हालांकि, अनुमानित और दर्ज मामलों के बीच का अंतर 27 लाख तक घट गया है, जो कि कोविड-19 महामारी के दौरान 40 लाख तक पहुंच गया था।

दरअसल रोगाणुओं के फेफड़ों में बढ़ने से टीबी का संक्रमण होता है। प्रारंभिक संक्रमण की स्थिति में अधिकांश लोगों में कोई भी लक्षण नहीं दिखते हैं। कुछ लोगों में फ्लू जैसी समस्या विकसित हो जाती है, जिसके कारण हल्का बुखार, थकान और खांसी होती है। संक्रमण बढ़ने की स्थिति में खांसी के साथ बलगम आने, सांस लेने या खांसने के साथ दर्द होने, बुखार-ठंड लगने, रात में पसीना आने की समस्या देखी जाती रही है। हालांकि एक हालिया शोध में वैज्ञानिकों ने बताया कि अधिकतर संक्रमितों में अब टीबी का प्रमुख लक्षण, यानी खांसी की समस्या ही नहीं देखी जा रही है।

यह चौंकाने वाली बात है कि जब हमारे पास टीबी को रोकने, पहचानने और इलाज करने के साधन हैं, तो भी यह इतनी ज्यादा मौतें और मरीज पैदा कर रही है। जाहिर है कि पूरी दुनिया मिलकर भी टीबी के खिलाफ अत्यंत प्रभावशाली कदम उठाने में नाकाम रही है। रिपोर्ट में कुछ सकारात्मक संकेत भी मिले हैं। टीबी के निदान और उपचार से जुड़ी सेवाएं कोविड-19 महामारी के प्रभाव से उबर रही हैं और टीबी से होने वाली मौतों में कमी आ रही है। लेकिन यह अभी भी डब्ल्यूएचओ की ओर से निर्धारित किए गए लक्ष्यों से बहुत पीछे है। डब्ल्यूएचओ की रणनीति के तहत 2025 तक टीबी के मामलों में 50 फीसदी की कमी का लक्ष्य तय किया गया है। लेकिन 2015 से 2023 के बीच टीबी के मामलों में केवल 8.3 फीसदी की कमी आई है।



टीबी का सबसे ज्यादा प्रभाव कम और मध्यम आय वाले देशों पर पड़ रहा है। 30 देशों में टीबी के मामले पूरी दुनिया के 87 फीसदी हैं। इनमें से भारत, इंडोनेशिया, चीन, फिलीपींस और पाकिस्तान सबसे ज्यादा प्रभावित हैं। 2023 में टीबी से संक्रमित लोगों में 55 फीसदी पुरुष, 33 फीसदी महिलाएं और 12 फीसदी बच्चे और किशोर शामिल थे।

टीबी दो रूपों में प्रकट हो सकती है- पल्मोनरी और एक्स्ट्रापल्मोनरी। पल्मोनरी टीबी के लक्षणों में खांसी, बुखार, सीने में दर्द, सांस की तकलीफ, खूनी बलगम, वजन में कमी और भूख शामिल हैं। इसकी पहचान थूक की जांच करके की जाती है। टीबी अन्य बीमारियों की तरह भी हो सकती है, जिससे इसका निदान करना चुनौतीपूर्ण हो जाता है। टीबी का मुकाबला करना एक कठिन और पेचीदा काम है। इस सिर्फ़ मरीज या डॉक्टर नहीं रोक सकता। इसे रोकने या इससे निपटने के लिए सामूहिक प्रयास की जरूरत होती है। डब्ल्यूएचओ की रिपोर्ट के अनुसार, दवा-प्रतिरोधी टीबी (एमडीआर/आरआर-टीबी) के मामलों में सुधार हुआ है। टीबी के सामान्य मामलों में इलाज की सफलता दर 88 फीसदी है, जबकि एमडीआर/आरआर-टीबी के मामलों में यह 68 फीसदी तक पहुंच गई है। यह सुधार डब्ल्यूएचओ की सिफारिश से चलाए गए इलाज कार्यक्रमों का नतीजा है। हालांकि, दवा-प्रतिरोधी टीबी के 4 लाख मामलों में से केवल 44 फीसदी लोगों को ही सही तरीके से निदान और उपचार मिल पाया। सामान्य टीबी वाले लोगों में 63 फीसदी का बैक्टीरियोलॉजिक रूप से निदान हुआ और 75 फीसदी को इलाज मिला।

टीबी के इलाज में आने वाला खर्च भी बड़ी समस्या है। रिपोर्ट में पाया गया कि 50 फीसदी मरीजों को इलाज के दौरान बड़े खर्च का सामना करना पड़ता है, जिसका मतलब है कि उनका इलाज खर्च उनकी आय का 20 फीसदी से ज्यादा होता है। यह स्थिति विशेष रूप से उन देशों में खराब है जहां स्वास्थ्य सेवाएं सीमित हैं। रिपोर्ट में टीबी सेवाओं के लिए फंडिंग की कमी पर भी जोर दिया गया है। 2023 में संयुक्त राष्ट्र की उच्चस्तरीय बैठक में यह लक्ष्य रखा गया कि 2027 तक टीबी सेवाओं के लिए हर साल 22 अरब डॉलर जुटाए जाएंगे। लेकिन 2023 में केवल 5.7 अरब डॉलर की फंडिंग उपलब्ध थी, जो पिछले तीन सालों से भी कम है और कुल जरूरत का सिर्फ 26 फीसदी है।

टीबी से पीड़ित महिलाओं को हमेशा से गाली-गलौज, नाकाम शादी और सामाजिक अलगाव जैसे मुद्दों का सामना करना पड़ा है, वहीं पुरुष इस बीमारी के बारे में बताने, नौकरी छूटने या कार्यस्थल पर भेदभाव से डरते हैं। एक अध्ययन से पता चला है कि निदान के बाद राष्ट्रीय टीबी कार्यक्रम में 2 लाख से अधिक लोग अपना बेहतर इलाज नहीं करा सके।

रिपोर्ट में बताया गया कि टीबी के इलाज और निदान के क्षेत्र में नई प्रगति हो रही है। फिलहाल 15 टीबी वैक्सीन विकास की प्रक्रिया में हैं, जिनमें से 6 का परीक्षण उच्च जोखिम वाले देशों में चल रहा है। डब्ल्यूएचओ ने उम्मीद जताई है कि 2028 तक कम से कम एक नई प्रभावी टीबी वैक्सीन उपलब्ध हो सकती है।

*(ये लेखक के अपने विचार है)*

# साधारण गांव भी स्मार्ट गांव बने

» जागरूक जनता
jagrukjanta.net

विदेश की तरह भारत में भी अनेक शहरों को स्मार्ट सिटी का दर्जा देकर सारी सुविधाएं दी जा रही है हमें अब चाहिए कि गांव को भी स्मार्ट गांव में तब्दील उसे विकास की मुख्य धारा में लाया जाए।



दिलीप शर्मा
पत्रकार
@jagrukjanta.net

विदेशी गांवों की तर्ज पर ही भारत देश के गांव के भी विकास की जरूरत महसूस हो रही है,जहां के निवासियों की सभी जरूरतों को त्वरित व तेजी से पूरा किया जा सके। जिस शहर में सभी गुणवत्ता पूर्ण आम लोगों को सुविधाएं कम सेवा मूल्य पर और आसानी से उपलब्ध हो सके। जहां लोगों के जीवन यापन के तरीके इतने सुलभ व संतुलित हो की धूल प्रदूषण से मुक्त सड़कें ,पानी, बिजली आसानी से उपलब्ध हो सकेद्य और वहां पर घर पहुंच घर में बैठे-बैठे इंटरनेट और सोशल मीडिया पर क्षण भर में सभी प्रशासनिक सुविधाएं उपलब्ध हो सके।, आम नागरिक जन सुविधाओं से स्वतंत्रता के बाद अब तक जूझ रहा हैं, तो उसका त्वरित निराकरण संचार माध्यमों से हो सके। ऐसे स्मार्ट शहर की स्थापना किया जाना केंद्र सरकार का लक्ष्य बन गया हैद्य पर क्या भारत की जनसंख्या की विशालता को देखते हुए और भारत के गांवों की संघनता और जनसंख्या को दृष्टिगत रख इन्हें स्मार्ट सिटी में बदला जा सकता है? यदि सरकार और आम नागरिकों का दृढ़ निश्चय संकल्प हो, और आपसी सहयोग तथा सामंजस्य बेहतर तरीके से हो जाए तो भारत में स्मार्ट सिटी की परिकल्पना यथार्थ रूप भी ले सकती हैद्य यदि दूसरे तरीके से और दूसरे नजरिए से इस तथ्य को देखा जाए तो स्मार्ट सिटी में पर्याप्त बिजली, पानी,भोजन,घर आदि की उपलब्धता के साथ-साथ स्वास्थ्य, सुरक्षा,शिक्षा, मनोरंजन, यातायात की सुविधाएं भी आसानी से प्राप्त हो जाएं और आरामदायक जीवन से संबंध सभी आर्थिक गतिविधियों का संचालन सुचारू रूप से चलता रहे। ऐसी स्मार्ट सिटी यदि भारत में बन जाती है, तो भारत से ज्यादा विकासवान दूसरा भी नहीं हो सकता है। तो ऐसे शहर की परिकल्पना केवल दृढ़ संकल्प और सार्थक मेहनत के प्रतिफल के रूप में ही की जा सकती है। देश के प्रधानमंत्री ने पूर्व स्वतंत्रता दिवस पर भारत में 100 से ज्यादा शहरों को स्मार्ट सिटी बनाने की घोषणा भी की है। और इसके लिए उन्होंने 9 हजार करोड़ रुपयों का बजट का प्रावधान भी रखा है। वैसे तो प्रधानमंत्री के इस स्वप्निल विचारों को मूर्त रूप देने के लिए केंद्रीय शहरी विकास मंत्रालय द्वारा एक पूरा मैनुअल जारी किया गया है। यह परियोजना आने वाले वर्षों में मूर्त रूप लेगी। देश के 40 लाख से अधिक आबादी वाले 9 शहरों,10 लाख से 40 लाख आबादी वाले 44 शहरों, 5 लाख से 10 लाख आबादी वाले 20 शहरों, सभी राज्यों तथा केंद्र शासित प्रदेशों की राजधानियों के अंतर्गत आने वाले लगभग 37 शहर सहित पर्यटन व धार्मिक दृष्टिकोण से महत्वपूर्ण 15 शहरों को स्मार्ट सिटी बनाने की योजना बनाई गई है। नए प्रारूप में सर्वप्रथम केंद्रीय शासन द्वारा दिल्ली, गुड़गांव, फरीदाबाद, इलाहाबाद, कानपुर, लखनऊ, वाराणसी, देहरादून, हरिद्वार, बोधगया, भोपाल, इंदौर, कोच्चि, जयपुर और अजमेर को स्मार्ट सिटी के रूप में परिवर्तित करने का निर्णय लिया गया है।भारत में स्मार्ट सिटी बनाने की इस नई परियोजना मैं विदेशी राष्ट्रों ने भी गहरी रुचि दिखाई है। जापान ने वाराणसी शहर को एक अच्छी विकसित सर्व सुविधा संपन्न स्मार्ट सिटी बनाने रुचि दिखाई है।

# हेल्थ, वेल्थ, स्नेह और प्रसन्नता को साधकर साधो जीवन

» जागरूक जनता
jagrukjanta.net

जैसे हरेक व्यक्ति की उंगलियों के निशान अलग होते हैं, वैसे ही हरेक व्यक्ति का दिमाग भी अलग-अलग होता है और वह जीवन में सामने आई स्थितियों से अपने अलग-अलग तरीकों से डील करता है। लेकिन कुछ बातें सभी इंसानों पर समान तरीके से लागू होती हैं। जैसे अगर पूछा जाए कि किसी के लिए भी एक आदर्श जीवन में क्या-क्या चीजें जरूरी हैं, तो हमें एक जैसे जवाब मिलेंगे। सभी इन चार चीजों का नाम जरूर लेंगे- हेल्थ, वेल्थ, प्रेम और खुशी। ये चारों एक-दूसरे से जुड़े हैं और इन्हें एक साथ हासिल करके ही हम जीवन को पूरी तरह डूबकर और गहरे आनंद के साथ जी सकते हैं। लेकिन असल खुशी तब मिलती है जब हम वर्तमान क्षण में जीना सीख लेते हैं। वर्तमान में जीना यानि हर पल को महसूस करना, जो बीत चुका उसे छोड़ देना और भविष्य की चिंता को खुद पर हावी न होने देना। चलिए क्रमवार इन चारों के महत्व को समझते हैं और जानते हैं कि इन्हें कैसे पाया जा सकता है।



चेतेन्द्र मिश्रा
पत्रकार
@jagrukjanta.net

**1. हेल्थः** कहने की बात नहीं कि हेल्थ हमारी सबसे बड़ी पूंजी है। अगर शरीर स्वस्थ नहीं है, तो बाकी सभी चीजें बेमानी लगती हैं। स्वस्थ शरीर के बिना हम न तो काम कर सकते हैं और न ही जीवन का आनंद उठा सकते हैं। अच्छा स्वास्थ्य पाने के लिए हमें प्राकृतिक दिनचर्या अपनानी चाहिए- सुबह जल्दी उठना, योग और प्राणायाम करना, संतुलित और हल्का भोजन लेना, और पर्याप्त नींद लेना। दिनभर शरीर को सक्रिय रखना भी ज़रूरी है। मानसिक स्वास्थ्य भी उतना ही महत्वपूर्ण है, जिसके लिए ध्यान और सकारात्मक सोच का अभ्यास मददगार साबित होता है।

**2. वेल्थ-** धन हमारी ज़रूरतों को पूरा करता है और हमें आजादी देता है, लेकिन इसे सही दृष्टिकोण से देखना जरूरी है। धन का महत्व इस बात में है कि वह हमें बेहतर जीवन जीने के अवसर देता है, लेकिन अगर हम सिर्फ पैसे के पीछे भागेंगे, तो न तो शांति मिलेगी और न ही संतोष। पैसा कमाने के लिए मेहनत और सही दिशा में कार्य करना जरूरी है। साथ ही, खर्च में समझदारी और निवेश की आदत हमें भविष्य की आर्थिक चुनौतियों से बचा सकती है। जीवन में सादगी अपनाकर भी हम पैसों का सदुपयोग कर सकते हैं, क्योंकि असली समृद्धि कम संसाधनों में खुश रहना है।

**3. स्नेहः** स्नेह जीवन का वह हिस्सा है, जो हमें गहराई से जोड़ता है, परिवार से, दोस्तों से, और स्वयं से। प्रेम का मतलब केवल रोमांटिक रिश्तों से नहीं है, बल्कि सभी संबंधों में समर्पण, समझ और सहानुभूति का भाव लाना जरूरी है। रिश्तों में धैर्य और ईमानदारी बनाए रखना बहुत जरूरी है, ताकि अनावश्यक विवादों से बचा जा सके। एक बात याद रखें कि जब हम खुद से प्रेम करना और खुद को स्वीकारना सीखते हैं, तभी हम दूसरों को सच्चे दिल से प्यार दे सकते हैं।

**4. प्रसन्नता-** प्रसन्नता केवल बाहरी चीजों से नहीं आती, यह एक आंतरिक अवस्था है। इसे पाने का सबसे सरल तरीका है वर्तमान में जीना। जब हम हर पल को खुलकर जीते हैं, तो हमारा मन चिंता और तनाव से मुक्त रहता है। अक्सर लोग खुश रहने के लिए भविष्य में कुछ बड़ा होने का इंतजार करते हैं ङ्क प्रमोशन, नई गाड़ी, या किसी लक्ष्य को पाने का सपना। लेकिन असली खुशहाली तभी मिलेगी, जब हम जीवन को अभी और यहीं महसूस करेंगे। मुझे ध्यान और प्राणायाम के अभ्यास ने अपने मन को वर्तमान में केंद्रित करना सिखाया है। इस प्रभावी तरीके को आप भी अपना सकते हैं।

हेल्थ, वेल्थ, प्रेम और खुशी असल में जीवन के चार स्तंभ हैं, जिन्हें एक साथ साधना ही संपूर्ण जीवन की कुंजी है। हमें यह समझना होगा कि इन चारों का स्रोत भीतर है- एक शांत और संतुलित मन। जब हम मन को वर्तमान क्षण में जीना सिखा देते हैं, तो जीवन सरल, सुंदर और सार्थक हो जाता है।

## सत्य दर्शन

।।श्री सद्गुरुदेव गोवर्धन पीठाधीश्वर श्री कृष्णदास कंचन महाराज।।

# सत्य दर्शन के आधार श्रीसद्गुरु देव



अज्ञान से ही कर्मों के साथ सम्बन्ध हो जाने के कारण संसार में आना-जाना यानि जन्म-मरण होता है। अनेक प्पराक के शोक, अविवेक, चिंता आदि सब का कारण यह अज्ञान ही है। आत्मा शरीर से अत्यंत भिन्न है। इसलिए वह शरीर में रहने पर भी उसके जन्म-मरण, जरा व्याधि आदि धर्मों से अछूता ही रहता है। जैसे मनुष्य अपने मकान को अपने से अलग और मिट्टी आदि का बना हुआ समझता है वैसे ही यह शरीर भी अव और पंचभूतों का बना हुआ है। मोहवश जीवात्मा इसे अपना समझ बैठा है। जैसे बुलबुले आदि पानी के विकार, घड़े आदि मिट्टी के विकार और गहने आदि स्वर्ण के विकार बनते हैं, रूपांतरित होते हैं और नष्ट हो जाते हैं वैसे ही पृथ्वी (मिट्टी) जल आदि विकारों से बना यह शरीर भी समय पर बनता है और बिगड़ जाता है। जैसे काठ में रहने वाली व्यापक अग्नि स्पष्ट ही उससे अलग है, जैसे दे में रहने पर भी वायु का उससे कोई सम्बन्ध नहीं है, वैसे ही समस्त दे-इन्द्रियों में रहने वाला और उनका आश्रय आत्मा भी उनसे अलग और निर्लिप्त है। मनोरथ के समय की (मन में) कल्पित और स्वप्न के समय की दीख पड़ने वाली वस्तुओं के समान इन्द्रियों द्वारा जो ग्रहण किया जाता है सब मिथ्या है। इसलिए शरीर और आत्मा का तत्व जानने वाले पुरुष न तो अनित्य शरीर के लिए शोक करते हैं और न ही नित्य आत्मा के लिए।

**क्रमशः**

## राजस्थान विधानसभा उपचुनाव-2024

# स्वतंत्र, निष्पक्ष और भय रहित चुनाव के लिए सभी तैयारियां पूरी

जागरूक जनता
jagrukjanta.net

**जयपुर।** राजस्थान में 7 विधानसभा क्षेत्रों में उपचुनाव के दौरान मतदान केन्द्रों से वेबकास्टिंग पर निर्वाचन विभाग का विशेष फोकस रहेगा, ताकि मतदान प्रक्रिया में किसी भी रुकावट या व्यवधान का तुरंत समाधान किया जा सके। इसी प्रकार, भारत निर्वाचन आयोग द्वारा भी वेबकास्ट वीडियो की लाइव निगरानी की जाएगी, जिससे मतदान केन्द्र पर मतदाताओं की लम्बी कतार लगने या मतदान दल को आ रही कठिनाई को दूर करने की व्यवस्था जा सके।

भारत निर्वाचन आयोग के उप निर्वाचन आयुक्त संजय कुमार और मुख्य निर्वाचन अधिकारी नवीन महाजन ने मंगलवार को 7 विधानसभा क्षेत्रों के जिला निर्वाचन अधिकारियों और पुलिस अधिकारियों के साथ आयोग की ओर से आयोजित वीडियो कांफ्रेंस बैठक में इस विषय में निर्देश दिए। उपचुनाव की तैयारियों की समीक्षा के लिए आयोजित कांफ्रेंस में राज्य के पुलिस महानिरीक्षक सतर्कता प्रफुल्ल कुमार, पुलिस महानिरीक्षक एटीएस हेमंत कुमार शर्मा, पुलिस महानिरीक्षक कानून-व्यवस्था अनिल कुमार टांक सहित निर्वाचन विभाग के वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित थे।महाजन ने बताया कि उपचुनाव के दौरान स्वतंत्र, निष्पक्ष और भय रहित मतदान के लिए आधे से अधिक मतदान केन्द्रों पर वेबकास्टिंग की व्यवस्था की गई है। मतदान के समय वेबकास्ट फीड की लाइव मॉनिटरिंग और त्वरित सुधारात्मक कार्यवाही के लिए स्थानीय स्तर पर कार्ययोजना और मानक संचालन प्रक्रिया (एसओपी) बनाई गई है।

**नए सिरे से तैयार होंगे मानक, परफॉर्मेंस में पिछड़े तो होगी कार्रवाई, प्रमुख शासन सचिव ने की समीक्षा**

# प्रदेश में स्वास्थ्य सुविधाओं के सुदृढ़ीकरण के लिए लागू होगा रैंकिंग सिस्टम

जागरूक जनता
jagrukjanta.net

**जयपुर।** प्रदेशभर में चिकित्सा एवं स्वास्थ्य सुविधाओं के सुदृढ़ीकरण के लिए सभी जिलों की रैंकिंग की जाएगी। इसके लिए नए सिरे से मानक तैयार किए जाएंगे। विभिन्न योजनाओं एवं स्वास्थ्य कार्यक्रमों के आधार पर निर्धारित मानकों की जिलों को पालना सुनिश्चित करनी होगी। प्रदर्शन औसत स्तर से नीचे होने पर संबंधित अधिकारी एवं कार्मिक की जिम्मेदारी तय की जाएगी। चिकित्सा एवं स्वास्थ्य विभाग की प्रमुख शासन सचिव श्रीमती गायत्री राठौड़ ने मंगलवार को स्वास्थ्य भवन में आयोजित समीक्षा बैठक में इस सम्बन्ध में निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि सभी जिले स्वास्थ्य सेवाओं की प्रदायगी के स्तर को और बेहतर बनाएं। इसमें किसी भी तरह की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी।



### जांच शीनों का हो समुचित उपयोग

राठौड़ ने कहा कि सभी जिलों में यह सुनिश्चित किया जाए कि जांच उपकरणों एवं मशीनों का समुचित उपयोग हो। मानव संसाधन की कमी से किसी मशीन का उपयोग नहीं हो पा रहा हो तो तत्काल प्रभाव से कॉन्ट्रैक्ट बेसिस पर नियमानुसार कार्मिक लगाए जाएं। साथ ही, नई मशीनों को तुरंत प्रभाव से इंस्टॉल करवाया जाना भी सुनिश्चित किया जाए। जांच मशीनों का समय–समय पर मेंटीनेंस करवाया जाए।

### मा योजना का करें प्रभावी क्रियान्वयन, सबकी आभा आईडी बनाएं

प्रमुख शासन सचिव ने कहा कि आमजन को निःशुल्क उपचार उपलब्ध कराने की दृष्टि से मुख्यमंत्री आयुष्मान आरोग्य योजना महत्वाकांक्षी पहल है। इस योजना का प्रभावी रि यान्वयन करते हुए अधिकाधिक लोगों को इस योजना से जोड़ें। आयुष्मान कार्ड वितरण के शत–प्रतिशत लक्ष्य हासिल किए जाएं। आयुष्मान आरोग्य शिविरों का नियत दिवस पर आवश्यक रूप से आयोजन हो।

# जिफ के लिए 17 जनवरी से नॉमिनेटेड फिल्मों की पहली सूची जारी

» **जागरूक जनता @ जयपुर।** राजस्थान की राजधानी जयपुर में अगले वर्ष सत्रह जनवरी से होने वाले 17वें जयपुर इंटरनेशनल फिल्म फेस्टिवल (जिफ) के लिए मंगलवार को नॉमिनेटेड फिल्मों की पहली सूची जारी कर दी गई। जिफ के संस्थापक निदेशक हनु रोज ने बताया की इस बार का जिफ भारत ही नहीं विश्व सिनेमा समुदाय के लिए एक खास आकर्षण का केंद बनकर उभरेग। जिफ फिक्शन फिल्मों में विश्व का सबसे बड़ा प्रतिस्पर्धी फिल्म फेस्टिवल है। पहली सूची में शामिल फिक्शन फिल्मों जितनी फ़िल्में दुनिया का कोइ फिल्म फेस्टिवल नहीं दिखाता। रोज ने बताया कि अभी नॉमिनेटेड फिल्मों की दो सूचियां और जारी होगी। जयपुर में इस बार भारत और विश्व की सबसे बेहतरीन फिल्मों को देखने का अवसर मिलेगा।

# आरसीडीएफ ने अनियमितता के खिलाफ अपने तीन कार्मिकों को निलंबित किया

» **जागरूक जनता @ जयपुर।** राजस्थान कोऑपरेटिव डेयरी फेडरेशन लिमिटेड ने प्रबंध संचालक के आदेशानुसार भ्रष्टाचार के आरोप में तीन कार्मिकों को तत्काल प्रभाव से निलंबित कर दिया है। इस संबंध में जानकारी देते हुए पशुपालन और डेयरी मंत्री जोराराम कुमावत ने बताया कि हमारी सरकार भ्रष्टाचार के खिलाफ जीरो टॉलरेंस की नीति पर काम कर रही है। इन तीनों कार्मिकों के विरुद्ध अनियमितता की शिकायत मिली थी जिससे उनके खिलाफ विभागीय जांच के आदेश दिए गए थे। उनके खिलाफ विभागीय जांच विचाराधीन होने के कारण उन्हें तत्काल प्रभाव से निलंबित कर दिया गया है। उल्लेखनीय है कि मालाराम धानका, कनिष्ठ लेखाकार एमएफ एफएसबी बस्सी, अर्जुन लाल बुनकर, सहायक प्रबंधक संयंत्र, मोना जाट कनिष्ठ लेखाकार मेट्रो डेयरी प्लांट के विरुद्ध अनियमितता के आरोप में विभागीय जांच चल रही है। सभी कार्मिकों को निलंबन अवधि के दौरान नियमानुसार 50% निर्वाह भत्ता देय होगा तथा निलंबन अवधि में इनका मुख्यालय आरसीडीएफ जयपुर होगा।

स्वात्वाधिकारी, प्रकाशक, मुद्रक ज्ञानेन्द्र मिश्रा के लिए जैमन प्रिन्टर्स प्राइवेट लिमिटेड, जी-1-68, रोड नम्बर-14, वीकेआई, जयपुर से मुद्रित एवं प्रशासनिक और विज्ञापन कार्यालय : बी-132, जे.पी. कॉलोनी, सैक्टर-4, विद्याधर नगर, जयपुर-302039 से प्रकाशित। फोन : 0141-3587886

## पंचांग



ज्योतिर्विद्
अक्षय
शास्त्री



साकेत पंचांग, अन्तरराष्ट्रीय स्वर्ण पदक विजेता

**जागरूक जनता** पंचांग, नक्षत्र, तिथि, चौघड़िया

### सूर्योदय-सूर्यास्त, तिथि

**बुधवार, 06/11/2024**

**सूर्योदय :** 06:44 **सूर्यास्त :** 17:36 **चन्द्रोदय :** 11:01 **चन्द्रास्त :** 21:17 **शक सम्वत :** 1946 क्रोधी **अमान्ता महीना :** कार्तिक **पूर्णिमांत :** कार्तिक **चन्द्रमास कार्तिक :** पूर्णिमान्त **विक्रम सम्वत :** 2081 पिङ्गल **कार्तिक :** अमान्त **गुजराती सम्वत :** 2081 नल **सूर्य राशि :** तुला **चन्द्र राशि :** धनु **पक्ष :** शुक्ल **तिथि :** पंचमी, 24:38 तक **वार :** बुधवार

### नक्षत्र, योग, करण

**नक्षत्र :** मूल, 10:51 तक
**योग :** सुकर्माण, 10:46 तक
**प्रथम करण :** बावा, 12:30 तक
**द्वितिय करण :** बालवा, 24:38 तक

### शुभ समय

| | |
|---|---|
| ब्रह्म मुहूर्त | 04:52 ए एम से |
| प्रातः सन्ध्या | 05:18 ए एम से |
| अभिजित मुहूर्त | कोई नहीं |
| विजय मुहूर्त | 01:54 पी एम से |
| गोधूलि मुहूर्त | 05:32 पी एम से |
| सायाह्न सन्ध्या | 05:32 पी एम से |
| रवि योग | 08:56 ए एम से 11:00 ए एम |
| निशिता मुहूर्त | 11:39 पी एम से |

**निवास और शूल**

दिशा शूल : उत्तर में

राहु काल वास दक्षिण-पश्चिम में

चन्द्रवास : पूर्व

होमाहुति : बुध

### चौघड़िया

| दिन का चौघड़िया | | रात का चौघड़िया |
|---|---|---|
| लाभ | : 06:43 - 08:04 | उद्वेग : 17:35 - 19:14 |
| अमृत | : 08:04 - 09:26 | शुभ : 19:14 - 20:52 |
| काल काल वेला | : 09:26 - 10:47 | अमृत : 20:52 - 22:31 |
| शुभ | : 10:47 - 12:09 | चर : 22:31 - 00:09 |
| रोग वार वेला | : 12:09 - 13:31 | रोग : 00:09 - 01:48 |
| उद्वेग | : 13:31 - 14:52 | काल : 01:48 - 03:26 |
| चर | : 14:52 - 16:14 | लाभ : 03:26 - 05:05 |
| लाभ | : 16:14 - 17:35 | उद्वेग : 05:05 - 06:44 |

*अमृत, शुभ, लाभ और चर को शुभ चौघडिया माना जाता है एवं उदवेग, काल एवं रोग को अशुभ चौघडिया माना जाता है।*

### आज पंचमी

**आज कौन सा कार्य करें**

पंचमी समस्त शुभ कार्यों के लिए उत्तम है परंतु इस दिन ऋण कतई नहीं देना चाहिए।

### बुधवार को क्या करें

**बुधवार** की प्रकृति चर और सौम्य मानी गई है। यह भगवान गणेश और दुर्गा का दिन है। कमजोर मस्तिष्क वालों को बुधवार के दिन उपवास रखना चाहिए।
**ये कार्य करें :-** सूखे सिंदूर का तिलक लगाएं। बुधवार को दुर्गा के मंदिर जाना चाहिए। पूर्व, दक्षिण और नैऋय दिशा में यात्रा कर सकते हैं। इस दिन जमा किए गए धन में बरकत रहती है। मंत्रणा, मंथन और लेखन कार्य के लिए भी यह दिन उचित है। ज्योतिष, शेयर, दलाली जैसे कार्यों के लिए भी यह दिन शुभ माना गया है।
**यह कार्य न करें:-** उत्तर, पश्चिम और ईशान में यात्रा न करें। बुधवार को धन का लेन-देन नहीं करना चाहिए। बुधवार को लड़की की माता को सिर नहीं धोना चाहिए, ऐसा करने से लड़की का स्वास्थ्य बिगड़ता है या उसके समक्ष कोई कष्ट आता है।

**नोट :** शुक्ल पक्ष में एक से पंचमी तक तिथियां अशुभ कही गई हैं, क्योंकि इन तिथियों में चंद्रमा क्षीण बल होता है और चंद्र बल उन दिनों नहीं रहने से कार्य सफल नहीं होते हैं। इसी प्रकार कृष्ण पक्ष की एकादशी से अमावस्या तक तिथियों में चंद्र बल क्षीण होने से शुभ कार्य नहीं करने चाहिए।

## राशिफल

कार्तिक, शुक्ल, पंचमी, 2081 बुधवार, 06 नवम्बर - 12 नवम्बर, 2024

**मेष** [ चू, चे, चो, ला, ली, लू, ले, लो, अ

लम्बित मामलों के परिणाम आपके पक्ष में होने की सम्भावना है। व्यवसाय में सहयोगी आपके कार्यों से प्रसन्न रहेंगे। निर्माण कार्यों में आपको सफलता मिलेगी। कार्यक्षेत्र में कुछ बदलाव कर सकते हैं।

**तुला** [ रा, री, रू, रे, रो, ता, ती, तू, ते

**संतान** से पुराने मतभेद उभरने से पारिवारिक वातावरण अशान्त होगा। आर्थिक स्थिति बिगड़ने से कर्ज लेना पड़ सकता है। कार्य क्षेत्र पर आरंभिक बिक्री के बाद आज उदासीनता छायी रहेगी।

**वृषभ** [ ई,उ, ए, ओ, वा, वी, वु, वे, वो

व्यापार में जिम्मेदारियाँ बढ़ सकती है। आपकी कर्तव्यनिष्ठा की प्रशन्सा होगी। मित्रों का सहयोग लेना हितकारी होगा। जो लोग आपके विरुद्ध थे, वे अचानक आपके पक्ष में आ सकते हैं।

**वृश्चिक** [ तो,ना,नी, नू,या,यी,यू

**नौकरी** पेशाओ को अतिरिक्त कार्य मिलने से असुविधा होगी काम लापरवाही से करेंगे। मित्रो के साथ बाहर घूमने का अवसर मिलेगा। ससुराल से लाभ होगा। पारिवारिक दायित्व बढ़ने से व्यस्तता रहेगी।

**मिथुन** [ क, की,कु,घ, ड,छ,के,को,ह

विदेश में कार्यरत लोगों को सम्मान मिल सकता है। व्यवसाय में रुके हुये कार्यों में सफलता मिलेगी। जॉब में बदलाव करने का विचार बनायेंगे। प्रेम सम्बन्धों में कुछ प्रतिकूलता रहेगी।

**धनु** [ ये, यो, भा, भी, भू, धा, फ, ढ, भे

नौकरीपेशा जातको को मेहनत का फल मिलेगा। विरोधियो पर विजय प्राप्त करेंगे। शुभ समाचार मिलने से मन प्रसन्न रहेगा। साहित्यकार, लेखक एवं पत्रकारों के लिए सप्ताह विशेष लाभदायक रहेगा।

**कर्क** [ हि, हू, हे, हो, डा, डी, डू, डे, डो

कार्य क्षेत्र या घर में परिवर्तन अथवा साज सज्जा में बदलाव भी कर सकते है समाज के प्रतिष्ठित लोगो से सम्मान मिलेगा लेकिन आर्थिक लाभ थोड़ा विलम्ब से होगा। दाम्पत्य सुख उत्तम रहेगा।

**मकर** [ भो, जा,जी, जू, खा, खू, गा, गी,

**परिजनों** के साथ मित्रवत व्यवहार रहेगा। पारिवारिक दायित्वों की पूर्ति के कारण खर्च बढ़ने से असहज अनुभव करेंगे। उधार से बचे। सेहत ठीक रहेगी। आलस्य का वातावरण रहेगा।

**सिंह** [ मा, मी, मू, मे, मो, टा, टी, टु, टे

**व्यवहार** कुशलता व संतोषि स्वभाव से सम्मानित होंगे। उधारी वसूलने में परेशानी आ सकती है। घर में मेहमानों के आने से वातावरण आनंदित होगा। पारिवारिक खर्च बढ़ने से परेशानी भी होगी।

**कुंभ** [ गू, गे, गो,सा, सी, सू, से, सो, दा

**नए** कार्यो का आरंभ आज ना करें ना ही किसी को उधार दें। इसके बाद परिवार के सदस्यों का सहयोग मिलने लगेगा लेकिन घरेलू आवश्यकताओं को नजरअंदाज करने से अशांति बढ़ेगी।

**कन्या** [ टो, पा, पी, पू, ष, ण, ठ, पे, पो

**मित्र** परिजनों के साथ ज्यादा समय बिताना पसंद करेंगे। फिजूल खर्ची से बचें। शारीरिक स्वास्थ्य अच्छा रहने से सप्ताह उत्साह पूर्ण रहेगा।

**मीन** [ दी, दू, थे, झ, ञ, दे, दो, चा, चि

**आर्थिक** लाभ के लिए अधिक प्रयत्न करना पड़ेगा मध्यान के समय किसी मनोकामना की पूर्ति होने से प्रसन्न रहेंगे।

आचार्य राजेश शास्त्री, जयपुर

# हमारी जनकल्याणकारी योजनाएं आमजन के सम्पूर्ण सशक्तीकरण की ओर महत्वपूर्ण कदम-मुख्यमंत्री शर्मा

जागरूक जनता jagrukjanta.net



**जयपुर।** मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा राज्य सरकार के कार्यकाल का एक वर्ष पूर्ण होने के अवसर पर प्रदेश के किसानों को कई बड़ी सौगातें देने जा रहे हैं। उन्होंने मंगलवार को मुख्यमंत्री कार्यालय में जन कल्याणकारी योजनाओं की समीक्षा के लिए आयोजित बैठक में किसान कल्याण से जुड़ी योजनाओं की प्रगति और लाभ हस्तांतरण के बारे में जरूरी दिशा-निर्देश दिए।

शर्मा ने कहा कि राज्य सरकार की जनकल्याणकारी योजनाएं सिर्फ योजनाएं नहीं, बल्कि आमजन के सम्पूर्ण सशक्तीकरण की ओर बढ़ाया गया महत्वपूर्ण कदम हैं। उन्होंने कहा कि सभी हितधारकों से बराबर सम्पर्क रखते हुए विकास कार्यक्रमों एवं योजनाओं का लाभ और जानकारी जन-जन तक पहुंचाने का कार्य किया जाए। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी के विकसित भारत के संकल्प को पूरा करने की दिशा में विकसित राजस्थान बनाने के लिए राज्य सरकार संकल्पबद्ध होकर कार्य कर रही है।

शर्मा ने कहा कि राज्य सरकार अपनी प्रथम वर्षगांठ पर किसानों को बड़ी सौगातें देने की प्रभावी तैयारी कर रही है। उन्होंने कहा कि राजस्थान एग्रीकल्चर इंफ्रास्ट्रक्चर मिशन के अंतर्गत 5 हजार 500 फार्मपौण्ड के लिए किसानों के खातों में सहायता राशि डीबीटी के माध्यम से हस्तांतरित की जाएगी है। इसी प्रकार 2 हजार किलोमीटर पाइपलाइन, 5 हजार किसानों को तारबंदी के लिए सहायता प्रदान की जाएगी। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार नहरी क्षेत्र में 500 डिग्गियों, एक हजार किसानों को कृषि उपकरण सहायता और 2 हजार वर्मी कम्पोस्ट इकाइयों के लिए अनुदान सहायता प्रदान करेगी। मुख्यमंत्री ने कहा कि गोवर्धन जैविक उर्वरक योजना के अंतर्गत 3 हजार किसानों को गोवंश से जैविक खाद उत्पादन के लिए सहायता उपलब्ध करवाई जाएगी। उन्होंने बताया कि नमो ड्रोन दीदी योजना में 50 क्लस्टर्स विकसित किए जाएंगे। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री किसान सम्मान निधि की दूसरी किस्त भी किसानों को जारी की जाएगी। शर्मा ने कहा कि कुसुम योजना के माध्यम से सोलर पम्प की स्थापना के लिए 15 हजार किसानों को लाभान्वित किया जाएगा। उन्होंने कहा कि राजस्थान में ड्रिप इरिगेशन ही सिंचाई हेतु एक दीर्घकालिक समाधान है। सरकार द्वारा 15 हजार किसानों को ड्रिप इरिगेशन के लिए वित्तीय सहायता डीबीटी के माध्यम से दी जाएगी। इसके साथ ही 1 हजार लाभार्थियों को कृषि एवं अकृषि ऋण ब्याज अनुदान पर प्रदान किए जाएंगे। इस अवसर पर पशुपालकों को गोपाल क्रेडिट कार्ड वितरण के साथ-साथ 1 हजार नए डेयरी बूथों का आवंटन, 200 नए बल्क मिल्क कूलर्स की स्थापना और 1 हजार नए दूध संकलन केन्द्रों का उद्घाटन भी किया जाएगा। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार ने मुख्यमंत्री दुग्ध उत्पादक संबल योजना के अंतर्गत 3.25 लाख से अधिक दुग्ध उत्पादकों को 5 रुपये प्रति लीटर की दर से अनुदान राशि देते हुए 183.22 करोड़ रुपये की राशि हस्तांतरित की जा चुकी है।

# शादियों का सीजन रखेगा बाजार में रौनक

## नवम्बर से अगले वर्ष मार्च तक हर महीने विवाह के मुहूर्त

जागरूक जनता jagrukjanta.net

**जयपुर @ संतोष मिश्रा।** दीपोत्सव के बाद अब शादियों के सीजन शुरू होगा। बाजार को त्योहारी सीजन जैसी खरीदारी की उम्मीद है। 12 नवंबर को देवउठनी एकादशी के बाद मांगलिक कार्य शुरू होंगे। होटल इंडस्ट्री के अनुसार 90 प्रतिशत के करीब विवाह स्थल और वैंक्वेट हॉल बुक हो चुके हैं, जो पिछले साल से 30-35 प्रतिशत अधिक है।

सामाजिक व व्यक्तिगत स्तर पर शादियों पर खर्च में बढ़ा दिया। अब अधिक मेहमान बुला रहे हैं। कुछ जगह शादियों का सीजन देवउठनी से पहले ही शुरू हो जाएंगे। हालांकि 12 नवंबर से ही शादियों की शुरुआत हो रही है। वेडिंग प्लानर्स के अनुसार मेहमानों की संख्या 800 से 1500 तक पहुंच रही है। महंगाई बढ़ने के कारण खर्चा पहले से अधिक हो रहा है। होटलों के मुताबिक, बिग बजट वेडिंग फिर प्रचलन में है। इधर, जैन समाज में भगवान का कल्याणक व शुभ मुहूर्त देखकर शादियां करने का चलन बढ़ा है। इसके कारण जैन समाज में अभी शादियों हो रही है। त्योहार के बाद फिर से बाजार में अच्छी-खासी रौनक है।



### 27 मुहूर्तों में होंगे विवाह

ज्योतिषाचार्य अक्षय शास्त्री ने बताया कि कार्तिक शुक्ला एकादशी के अबूझ मुहूर्त से शादी-विवाह के आयोजन प्रारंभ होंगे। चातुर्मास में चार महीनों तक विवाह व मांगलिक कार्यक्रमों के निषेध रहने के बाद 12 नवम्बर से पुनः शुरूआत होगी। इस दिन तुलसी-सालगराम के विवाह होंगे। नवम्बर माह में 12, 17, 22, 24 और 27 को विवाह के लिए शुभ मुहूर्त है। इसी प्रकार दिसंबर में 1, 9 और 10 दिसंबर को शुभ मुहूर्त है। जनवरी 2025 में 16, 18, 21, 22 और 23 जनवरी, फरवरी में 2, 6, 7, 8, 13, 14, 18, 20, 21 व 25 तारीख, मार्च में 1, 5 और 6 मार्च शादी-विवाह के लिए शुभ मुहूर्त है। 2 फरवरी को बसंत पंचमी के अबूझ मुहूर्त है।

### 12 को उठेंगे देव, शहनाई गूंजेगी, शुरू होंगे मांगलिक कार्यक्रम

**देव** प्रबोधिनी एकादशी 12 नवम्बर को मनाई जाएगी। इस दिन से शादी-विवाह और मांगलिक कार्यक्रमों की शुरूआत होगी। देव उठनी एकादशी के दिन विभिन्न समाज के सामूहिक विवाह आयोजन होंगे। घरों, मंदिरों और सार्वजनिक स्थलों पर तुलसी-सालगराम के विवाह कार्यक्रम होंगे।

### अबूझ मुहूर्त, बंधेंगे परिणय सूत्र में

**देवउठनी** एकादशी के अबूझ मुहूर्त पर जिले में शहर से ग्रामीण क्षेत्रों तक बड़ी संख्या में विवाह होंगे। आचार्य समाज और ब्राह्मण समाज के सामूहिक विवाह समारोह होंगे। जिन परिवारों में देव उठनी एकादशी के दिन विवाह कार्यक्रम होने है, उनमें तैयारियां चल रही है। विभिन्न क्षेत्रों में भवनों की बुकिंग हो चुकी है। बैण्ड, डीजे, लाइट डेकारेशन, घोड़ी, रथ, हलवाई इत्यादि की भी बुकिंग हो चुकी है। बाजारों में देवउठनी एकादशी व उसके बाद के शुभ मुहूर्तों में विवाह के लिए सामान की खरीदारी चल रही है। विवाह के निमंत्रण पत्रों के वितरण का क्रम प्रारंभ हो गया है।

## मुरलीपुरा के शिव हनुमान मंदिर में धूमधाम से हुआ अन्नकूट प्रसादी का आयोजन




» **जागरूक जनता @ जयपुर।** आर्यनगर मुरलीपुरा में स्थित शिव हनुमान मंदिर में इस वर्ष अन्नकूट प्रसादी का आयोजन उल्लास के साथ संपन्न हुआ। मंदिर एंव विकास समिति के अध्यक्ष सुरेश वर्मा ने बताया कि अन्नकूट का यह आयोजन प्रतिवर्ष बड़ी श्रद्धा और भक्ति से किया जाता हैं। इस अवसर पर अपना आर्यनगर विकास समिति मुरलीपुरा के समिति सदस्यगण, व्यापारी वर्ग और स्थानीय संगठनों ने प्रसादी के लिए अन्न और अन्य सामग्री का दान किया, वहीं स्थानीय युवाओं ने कार्यक्रम में सेवा का योगदान दिया। इस प्रकार मुरलीपुरा के शिव हनुमान मंदिर में आयोजित अन्नकूट प्रसादी का यह आयोजन क्षेत्र में धार्मिकता, आस्था और सामाजिक सद्भाव का संदेश फैलाने में सफल रहा।

## अन्नकूट महोत्सव मनाया



» **जागरूक जनता @ जयपुर।** नया खेड़ा, कृष्णा कॉलोनी स्थित मंगलमुखी हनुमान मंदिर आश्रम में अन्नकुट महोत्सव मनाया। योगिराज रघुवीर दास महाराज ने गिर्राज धरन गोवर्धन महाराज की आरती की। उत्तराधिकारी महंत रामानंद दास महाराज ने सभी कॉलोंनी वासियों को अन्नकुट प्रसादी वितरित की। इस मौके पर भाजपा युवा मोर्चा महामंत्री मुकुल सिंह सांचौरा, मंदिर पुजारी राम लोचन दास महाराज, प्रभाकर महाराज ,सत्यम महाराज, अंकुर गुप्ता, बाबूलाल गुप्ता, ओम वर्मा, गोपी जांगिड़ एव गुरुकुल शिष्य हिमांशु तिवारी, शिवम तिवारी, रामू ठाकुर पूरणमल गुप्ता आदि ने सेवा कार्य में हिस्सा लिया।



## लगाया अन्नकूट का भोग

» **जागरूक जनता @ जयपुर।** विद्याधर नगर जे.पी. कॉलोनी स्थित लीलाधारी हनुमान मंदिर में अन्नकूट महोत्सव जोर-शोर से मनाया गया। इस अवसर पर हर वर्ष की भांति बाजरा, चावल, मोठ, मिक्स सब्जी, कढ़ी का लीलाधारी हनुमान जी को भाग लगाकर स्थानीय निवासियों को प्रसाद वितरण किया गया। कार्यक्रम संयोजक रामप्रसाद लड्ढा ने बताया कि इस अवसर पर हनुमान जी का विशेष श्रृंगार किया गया। साथ ही, रामधुनी, संतसंग भी किया गया। सभी कार्यकर्ताओं ने उत्साह से प्रसादी तैयार की।

## अमृतसर-वाराणसी के लिए फ्लाइट्स जल्द

» **जागरूक जनता @ जयपुर।** जयपुर एयरपोर्ट पर विंटर शड्यूल लागू होने के बाद लगातर फ्लाइट की संख्या में बढ़ोतरी हो रही है। इस माह जयपुर से 3 नई फ्लाइटशुरू होने जा रही हैं। जानकारी के अनुसार जयपुर एयरपोर्ट से वाराणसी, अमतृसर और अहमदाबाद के लिए नई फ्लाइट शुरू होने जा रही है। इन फ्लाइट के शुरु होने से जयपुर से कई शहरों को जाने वाले यात्रियों की सीधी फ्लाइट मिल सकेगी। वहीं यात्रियों के समय में भी बचत होगी। एयरपोर्ट के एक अधिकारी के अनुसार 15 नवंबर सेवाराणसी के लिए रोज सुबह 8:25 बजे फ्लाइट रवाना होकर वापस में सुबह 10:55 बजे वाराणसी से जयपुर के लिए फ्लाइट रवाना होगी। वहीं अमृतसर के लिए दोपहर 1:40 बजे फ्लाइट जयपुर से रवाना होगी वहीं अमृतसर से जयपुर के लिए दोपहर 3:15 बजे फ्लाइट रवाना होगी। अहमदाबाद के लिए भी स्पाइसजेट की फ्रिकेवेंसी बढगी।

### लेपर्ड वॉचिंग के लिए प्रदेश में हैं छह सफारी, अब 8वीं सफारी उदयपुर में शुरू करने की हो रही तैयारी

# लेपर्ड को रास आई प्रदेश की आबोहवा, बढ़ा कुनबा

जागरूक जनता jagrukjanta.net

**जयपुर।** लेपर्ड को प्रदेश की जलवायु रास आ रही है। यहां पर तेजी से इनका कुनबा बढ़ रहा है। वर्तमान में प्रदेश के जंगलों में 700 से ज्यादा लेपर्ड रह रहे हैं। विशेष बात यह है कि लगातार कई लोगों पर हमला कर जान लेने वाले लेपर्ड के शूट एंड साइड का ऑर्डर पहली बार जारी किया गया। गोगुंदा में लेपर्ड को आखिर में मौत के घाट उतार ही दिया गया। लेपर्ड के हमले में एक महीने में आठ और तीन महीने के दौरान करीब दस लोगों की जान जा चुकी है।

लेपर्ड की संख्या के बारे में भारत सरकार ने इस साल फरवरी में एक रिपोर्ट जारी क है। पर्यावरण, वन और जलवायु परिवर्तन मंत्रालय ने इसके लिए वर्ष 2022 में एक सर्वे करवाया। इसमें देश के 18 राज्यों में लेपर्ड की गिनती की गई। ये वो राज्य हैं जहां लेपर्ड पाए जाते हैं और इनके तहत बड़े अभयारण्य हैं। जहां बाघ और लेपर्ड्स का संरक्षण किया जाता है। सर्वे के लिए 32,803 जगहों पर कैमरे लगाए गए। इनसे 4,70,81,881 तस्वीरें ली गई।उनमें से 85,488 तस्वीरों में लेपर्ड दिखाई दिए। इनके विश्लेषण के आधार पर उनकी संख्या निकाली गई। सर्वे के अनुसार भारत में सबसे ज्यादा लेपर्ड मध्य प्रदेश में हैं। मध्य प्रदेश में लगभग 4 हजार हैं। दूसरे नंबर पर महाराष्ट्र है जहां इनकी संख्या 1985 पाई गई है। तीसरे नंबर पर कर्नाटक 1830, चौथे



पर तमिलनाडु 1070 का नंबर है। राजस्थान में 722 तेंदुए हैं। प्रदेश का 5वां नंबर है। तेंदुओं की गिनती और उनके क्षेत्र पर नजर रखी जा रही है।

### लेपर्ड की आबादी क्षेत्रों में बढ़ी हलचल

राजस्थान में लेपर्ड को अच्छा संरक्षण मिल रहा है। यही कारण है कि इनकी संख्या बढ़ रही है। प्रदेश में सात जगहों पर लेपर्ड सफारी है। जिनमें जयपुर आमागढ़ सफारी, जयपुर झालाना सफारी, अलवर में सरिस्का सफारी, कुंभलगढ़ सफारी, राजसमंद जिले में, पाली जिले के बेरा इलाके और पाली जिले के ही जवाई बांध इलाके में सफारी है। इन जगहों पर लेपर्ड देखे जा सकते हैं। अब आठवीं सफारी उदयपुर में खोलने की तैयारी चल रही है। ग्रामीणों को संरक्षण के लिए प्रेरित करने और शिकार पर प्रतिबंध का कड़ाई से पालन होने के चलते इनका कुनबा तेजी से बढ़ रहा है। तेंदुओं को सेही, बिज्जू, लोमड़ी, सियार जैसे वन्यजीव भोजन के रूप में पसंद आ रहे हैं। कुनबा बढ़ने के साथ ही आबादी क्षेत्रों में हलचल भी बढ़ी है।

## जयपुर की सिंगर सरिता व नीदरलैंड के आर्टिस्ट ओटो दी जोंग ने पिरोयी फ्यूजन की मेलॉडी



» **जागरूक जनता @ जयपुर।** हाल में जयपुर की सिंगर सरिता राव व नीदरलैंड के ड्रमिस्ट ओटो दी जोंग का संभव टाइटल से नया एलबम रिलीज हुआ है। जयपुर जंक्शन बैंड ने नीदरलैंड में ही इस एलबम की रिकॉर्डिंग की है। गौरतलब है कि यह बैंड जयपुर की सिंगर सरिता राव व नीदरलैंड के ड्रमिस्ट ओटो दी जोंग ने मिलकर बनाया है। यह बैंड खासतौर से राजस्थान की सांस्कृतिक मूल्यों से सराबोर पारंपरिक संगीत और यूरोप के स्वतंत्र रॉक म्यूजिक फ्यूजन की मेलॉडी से देश-दुनिया के दानिशमंद श्रोताओं एक नया अनुभव करा रहे हैं। इस एलबम में तबला और सिंथेसाइजर जैसे साज का मिश्रण बड़ी ही खूबसूरती से किया है जो दिलों को लुभाता है। एलबम के प्रोड्यूसर फनकार ऑटो दी जोंग है। वहीं सिंगर सरिता राव ने गीतों को लिखने के साथ- साथ अपनी सुरीली आवाज से इन्हें संवारा है। सिंथेसाइज़र पर एरविन तुइजल, गिटार पर साहिल बहल और तबले पर इमरान खान ने सुर, लय और ताल का कर्णप्रिए ताना बाना बुना है। गानों का इंग्लिश ट्रांसलेशन दिल्ली की तृप्ति अग्रवाल ने किया है। साल 2019 में बना यह जयपुर जंक्शन बैंड अपने करिश्माई संगीत से दुनियाभर में लोकप्रियता हासिल कर रहा है।

## विश्व स्वास्थ्य एवं तंदुरुस्ती महोत्सव का आयोजन 21 दिसम्बर को

» **जागरूक जनता @ जयपुर।** राजस्थान में जयपुर में चौथा एस के विश्व स्वास्थ्य एवं तंदुरुस्ती महोत्सव -2024 का आयोजन संस्कृति युवा संस्था द्वारा एसके फाइनेंस के सहयोग से 21 और 22 दिसम्बर को जयपुर एंटरटेनमेंट पैराडाइज में किया जायेगा। उत्सव के सह-संस्थापक नरिशंत शर्मा और मुकेश मिश्रा ने मंगलवार को बताया कि इसमें विशेषज्ञ स्वास्थ्य और तंदुरुस्ती के गुर बतायेंगे। विश्व स्तरीय महोत्सव में स्वास्थ्य, व्यवसाय आध्यात्मिक विशेषज्ञों के साथ-साथ सिने जगत के सितारे भी मंच साझा करेंगे। महोत्सव में 25 हजार से अधिक लोगों के शामिल होने की उम्मीद जताई जा रही है।

### अंबेडकर डीबीटी वाउचर योजना : आवेदन 30 नवम्बर तक, 5500 विद्यार्थियों को मिलेगा लाभ

# पढ़ाई के लिए किराए पर रहने वाले छात्रों को मिलेंगे ₹2000

जागरूक जनता jagrukjanta.net

**जयपुर।** अध्ययन के लिए जो छात्र अपने घर से दूर दूसरे शहर में किराए के कमरे में रहते हैं उनको राज्य सरकार की ओर से हर साल 20 हजार रुपए पुनर्भरण राशि के रूप में दिए जाएंगे। शैक्षणिक सत्र 2024-25 के लिए विद्यार्थियों के आवेदन लिए जा रहे हैं। आवेदन 30 नवंबर तक लिए जाएंगे। चयन के आधार पर 5500 विद्यार्थियों को दस माह के लिए इस योजना का लाभ मिल सकेगा। अंबेडकर डीबीटी वाउचर योजना के तहत एससी, एसटी, ओबीसी,

**ई-मित्र पर एसएसओ आईडी के माध्यम से कर सकते हैं आवेदन**

**सामाजिक** न्याय एवं अधिकारिता विभाग की ओर से संचालित अंबेडकर डीबीटी वाउचर योजना का शैक्षणिक सत्र 2024-25 के आवेदन को लेकर 30 अक्टूबर से ऑनलाइन पोर्टल का संचालन किया जा रहा है। जो 30 नवंबर तक चलेगा। योजना के अंतर्गत पात्र छात्र ई-मित्र, एसएसओ आईडी से आवेदन कर सकते हैं।

एमबीसी, ईडब्ल्यूएस और माइनॉरिटी वर्ग के ऐसे छात्र जो जिला मुख्यालयों पर संचालित सभी राजकीय महाविद्यालय में स्नातक व स्नातकोत्तर (शैक्षणिक पाठ्यक्रम कला, विज्ञान एवं वाणिज्य संकाय) में अध्यनरत हैं एवं घर से दूर रहकर अन्य स्थान पर किराए पर रहते हैं उनके लिए सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता विभाग की ओर से अंबेडकर डीबीटी वाउचर योजना चलाई जा रही है। योजना के तहत उन छात्रों के लिए आवास, भोजन एवं बिजली-पानी की सुविधाओं के लिए पुनर्भरण राशि के रूप में हर साल मार्च माह तक 2 हजार रुपए प्रतिमाह (10 महीने के लिए) दिए जाएंगे। इस योजना का संचालन शैक्षणिक सत्र में पढ़ रहे छात्रों के लिए शुरू किया गया है। 30 अक्टूबर से इसके तहत आवेदन लिए जा रहे हैं। आवेदन 30 नवंबर तक लिए जाएंगे।

### यह है पात्रता शर्त

**अंबेडकर** डीबीटी वाउचर योजना का लाभ लेने को लेकर छात्र राजस्थान का मूल निवासी होना जरूरी है। विद्यार्थियों के माता-पिता की वार्षिक आय का निर्धारण विभाग की ओर से संचालित मैट्रिक छात्रवृत्ति योजना के अनुरूप एसी, एसटी, एसबीसी के लिए 2.50 लाख रुपए, ओबीसी के लिए 1.50 लाख रुपए, ईडब्ल्यूएस के लिए 1 लाख रुपए निर्धारित की गई है। विद्यार्थी जहां पढ़ रहा है और उनके माता-पिता का मकान उसी शहर में, वो इस योजना का पात्र नहीं होगा।

# Vidhi Vibhag : विधि विभाग बिल के ड्राफ्ट को फाइनल करने में जुटा, अगले विधानसभा सत्र में पारित किया जा सकता है बिल

# जबरन धर्म परिवर्तन के खिलाफ बिल लाने की तैयारी में सरकार

जागरूक जनता
jagrukjanta.net

राजस्थान में लालच देकर और जबरन धर्म परिवर्तन के खिलाफ सरकार कानून बनाने की तैयारी कर रही है। राजस्थान के कानून मंत्री जोगाराम पटेल ने इसका संकेत देते हुए कहा कि धर्म परिवर्तन बर्दाश्त नहीं होगा।

अगले विधानसभा सत्र में इसके खिलाफ बिल लाया जाएगा। उन्होंने कहा कि विधि विभाग धर्म परिवर्तन के खिलाफ बिल के ड्राफ्ट को फाइनल करने में जुटा हुआ है। उत्तराखंड, मध्यप्रदेश के धर्म परिवर्तन से जुड़े कानूनों की स्टडी की जा रही है। इस बिल को अगले विधानसभा सत्र में पारित किया जा सकता है। बिल के ड्राफ्ट में लिव इन को लेकर भी प्रावधान जोड़ने पर विचार किया जा रहा है। लिव इन में रहने वालों को रजिस्ट्रेशन करवाने की अनिवार्यता की शर्त जोड़ी जा सकती है। वहीं दूसरे धर्म में शादी करने वालों के लिए भी नियम-शर्तें तय की जा सकती हैं। डिक्लेरेशन फॉर्म भरवाया जा सकता है कि शादी का मकसद धर्म परिवर्तन तो नहीं है। मंत्री ने कहा कि राजस्थान सरकार धर्म परिवर्तन विरोधी बिल में कई कड़े प्रावधान कर सकती है। जैसे- धर्म बदलवाने और उसमें सहयोग करने वालों पर जेल और भारी जुर्माना होगा।

धर्म परिवर्तन में शामिल संस्थाओं के रजिस्ट्रेशन खारिज करने के साथ कड़ी कार्रवाई होगी। वहीं, लिव-इन में रहने वालों के लिए सरकारी कानूनी प्रावधान कर सकती है। वसुंधरा राजे सरकार के समय 2006 और 2008 में धर्म स्वातंत्र्य बिल दो बार पास हुआ था। लेकिन तब केंद्र की यूपीए सरकार से इसे मंजूरी नहीं मिल पाई थी। अब उसी धर्म स्वातंत्र्य विधेयक 2008 के कई प्रावधानों को नए बिल में भी बरकरार रखा जाएगा। 2008 के धर्म स्वातंत्र्य बिल में कलेक्टर की मंजूरी के बिना धर्म बदलने पर रोक थी। अगर कोई अपनी मर्जी से धर्म बदलता है तब भी उसकी सूचना 30 दिन में कलेक्टर को देने का प्रावधान किया था। धर्म बदलने पर एक महीने के अंदर कलेक्टर को सूचना नहीं देने पर एक हजार के जुर्माने का भी बिल में प्रावधान था। इन प्रावधान का भारी विरोध हुआ था, जिसकी वजह से तत्कालीन यूपीए सरकार ने ही इसे रोक लिया था।



### धर्मांतरण विरोधी कानूनों का अध्ययन करवा रहे हैं: पटेल

कानून मंत्री जोगाराम पटेल ने कहा कि अगले विधानसभा सत्र में हम बिल ला रहे हैं, इस पर विचार चल रहा है, सभी पक्षों से इसकी राय भी ले रहे हैं। पटेल ने कहा, हम उत्तराखंड सहित अन्य राज्यों के धर्मांतरण विरोधी कानूनों का अध्ययन करवा रहे हैं। केंद्र में अटके बिल को हमने वापस ले लिया है और उसकी जगह नया बिल ला रहे हैं। उन्होंने कहा कि पटेल ने कहा, धर्मांतरण की शिकायत हमारे आदिवासी बहुल क्षेत्र में है। गरीब और अशिक्षित लोगों की मजबूरी और पिछड़ेपन का फायदा उठाकर कुछ लोग उन्हें झूठे सब्जबाग दिखाते हैं और धर्म परिवर्तन करते हैं। पटेल ने कहा कि कुछ संस्थाएं, एनजीओ इस काम में लगे हैं। हम नए बिल में धर्मांतरण करने वालों को सख्त सजा के कड़े प्रावधान रख रहे हैं ताकि आगे से कोई ऐसी हिम्मत नहीं कर सके।

जागरूक न्यूज

## क्षेत्रीय आयुर्वेद अनुसंधान संस्थान में सतर्कता जागरूकता सप्ताह आयोजित



» जागरूक जनता @ जयपुर। झोटवाडा रोड, बनीपार्क में स्थित महाराव शेखाजी क्षेत्रीय आयुर्वेद अनुसंधान संस्थान, आयुष मंत्रालय, भारत सरकार के तत्वावधान में 28 अक्टूबर से 3 नवम्बर तक सतर्कता जागरूकता सप्ताह आयोजित किया गया। कायर्कम संस्थान प्रभारी डॉ. बी. आर. मीणा की अध्यक्षता में आयोजित किया गया। इस दौरान संस्थान के सभी अधिकारियों और कर्मचारियों ने सत्य, निष्ठाक और ईमानदारी के साथ कार्य करने की शपथ भी ली। सप्ताह के दौरान संस्थान में वाद-विवाद और निबंध लेखन प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया। प्रतियोगिताओं का उद्देश्य कर्मचारियों को सतर्कता, पारदर्शिता और व्यवसायिक आचार-निर्देशों के प्रति जागरूक करना था। कार्यक्रम के समापन समारोह में मुख्य अतिथि परमज्योति, पुलिस महानिदेशक (अपराध) थी। इस अवसर पर मुख्य अतिथि ने सतर्कता निवारक उपायों के बारे में उपस्थित कर्मचारियों को समझाया। संस्थान प्रभारी डॉ. मीणा ने अपने स्वागत भाषण में संस्थान के बारे में जानकारी दी तथा सभी अधिकारियों एवं कर्मचारियों को सतर्कता के प्रति और कार्यस्थल पर अच्छे व्यवहार और नियमों के पालन के महत्व के बारे में अवगत करवाया। कार्यक्रम समन्वयक, डॉ. ए. के. जैन, अनुसंधान अधिकारी (आयुर्वेद) ने सप्ताह भर आयोजित विभिन्न कार्यक्रमों का विवरण प्रस्तुत किया। प्रतियोगिताओं के विजेताओं को पुरस्कार और प्रमाण पत्र वितरित किए गए। इस अवसर पर डॉ भुवनेश कुमार शर्मा, डॉ दारासिंह रोतवार, डॉ सुहास चौधरी, डॉ किशोर आकाराम गवली उपस्थित रहें। कार्यक्रम के अंत में डॉ मोनिका कुमारी, अनुसंधान अधिकारी द्वारा धन्यवाद ज्ञापित किया गया।

## दौसा : चुनाव में मैच फिक्सिंग की चर्चा, प्रत्याशी कर रहे बयानबाजी



जयपुर। राजस्थान की सबसे चर्चित सीट दौसा में मैच फिक्सिंग वाले बयान को लेकर नेताओं के एक दूसरे पर जवाबी हमले शुरू हो गए हैं। जहां भाजपा प्रत्याशी जगमोहन मीणा मैच फिक्सिंग की चर्चाओं के बीच कह रहे हैं कि यहां सभी कांग्रेसी नेताओं का मेरी तरफ मन है। चर्चा यह थी कि जगमोहन के समर्थन में भाजपा और कांग्रेस के नेताओं के बीच मैच फिक्सिंग हो गई। खुद अशोक गहलोत ने भी पिछले दिनों दौसा में हुई चुनावी सभा के दौसान इस चर्चा का जिक्र किया था। हालांकि उन्होंने इसे अफवाह बताया था। सोमवार को पायलट ने भी दौसा में सभाएं की है। भाजपा प्रत्याशी जगमोहन मीणा ने भी इन चर्चाओं से मिलता जुलता बयान दे दिया है। दौसा में सचिन पायलट की सभा को लेकर पूछे सवाल में उन्होंने कहा किसचिन पायलट कांग्रेस के नेता हैं। सभी अपनी पार्टी के लिए प्रयास करते हैं, वह भी आएंगे। उनका क्या रहेगा, कितना रहेगा...मेरी तरफ सभी कांग्रेस नेताओं का मन है। मुरारीलाल मीणा को लेकर पूछे गए एक सवाल पर उन्होंने कहा कि वे मुझे लेकर पूछे गए सवालों पर कन्नी इसी लिए काटते हैं कि उनका मेरे प्रति स्नेह है। उनसे लंबा जुड़ाव रहा है। इनसे मिलकर चला हूं सदा, ये मेरा स्वभाव जानते हैं।

## स्वामी बालमुकुन्दाचार्य महाराज ने किया चुनावी संकल्प पूरा

### 90 वरिष्ठ महिला व पुरुषों को अयोध्या राम मंदिर दर्शन हेतु बसों को भगवा झंडा दिखाकर किया रवाना



जागरूक जनता
jagrukjanta.net

जयपुर। स्वामी बालमुकुन्दाचार्य महाराज विधायक हवामहल द्वारा अपने चुनावी जन संपर्क के दौरान आम जन से अयोध्या श्री राम मंदिर दर्शन कराने के संकल्प के अनुसार दो बसों द्वारा 90 वरिष्ठ महिला व पुरुषों को अयोध्या राम मंदिर दर्शन हेतु बसों को भगवा झंडा दिखाकर रवाना किया। विधायक हवामहल ने बताया कि संपूर्ण हवामहल विधानसभा के वरिष्ठ नागरिकों को अयोध्या दर्शन करवाना मेरा संकल्प है जिसके तहत आज प्रथम चरण में श्री बालाजी जन कल्याण ट्रस्ट हाथोज, धाम के द्वारा यात्रियों को दर्शन हेतु रवाना किया गया व यात्रा के दौरान समस्त यात्रियों की जल-पान व भोजन व्यवस्था का संपूर्ण ध्यान रखा गया है, व यात्रा के दौरान यात्रियों के ठहरने व चिकित्सा संबंधी संपूर्ण व्यवस्था भी उपलब्ध करवायी जायेगी। इस अवसर पर जयपुर नगर निगम हैरिटैज महापौर कुसुम यादव विधानसभा क्षेत्र मंडल अध्यक्ष एवं पार्षदगण भी उपस्थित रहे, एवं भाजपा पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता उपस्थित रहे ।

### नागौर की राजनीति में सक्रिय भूमिका निभाने वाले कांग्रेसी भाजपा में हुए शामिल

# उपचुनाव से पहले प्रदेश कांग्रेस को झटका

जागरूक जनता
jagrukjanta.net

राजस्थान विधानसभा उपचुनाव से पहले सोमवार को 10 से ज्यादा कांग्रेस नेताओं ने भाजपा कार्यालय में बीजेपी की सदस्यता ग्रहण की। प्रदेश अध्यक्ष मदन राठौड़ और प्रदेश उपाध्यक्ष ज्योति मिर्धा की उपस्थिति में नागौर की राजनीति में सक्रिय भूमिका निभाने वाले नागौर कांग्रेस के पूर्व जिलाध्यक्ष सुखवीर सिंह चौधरी ने सरपंच, जिला परिषद सदस्य, पूर्व सदस्यों के साथ भाजपा परिवार की सदस्यता ग्रहण की। इस दौरान पूर्व जिला परिषद सदस्य एवं सरपंच राजाराम चौधरी, पूर्व पंचायत समिति सदस्य लादूराम कुदण, यूथ कांग्रेस से मनमोहन चौधरी, विजेंद्र बसवाणा, पंचायत समिति सदस्य भोमसिंह गौड, तेजाराम चौधरी के साथ कार्यकर्ता दिनेश वैष्णव, श्रवण विश्नोई, सुखराम प्रजापत, अमृताराम जाजडा, आदुराम लेगा, काजी अतेशानुद्दीन व सवाई माधोपुर से पार्षद असीम खां के साथ भाजपा जॉइन की।



### विरोधी नहीं करा पाएगा विकास

भाजपा प्रदेश अध्यक्ष मदन राठौड़ ने कहा कि प्रदेश और केंद्र में बीजेपी की सरकार है। ऐसे में अगर विरोधी मानसिकता का व्यक्ति जीत गया तो वह संकोच करेगा कि नेतृत्व से संपर्क करें या नहीं। उन्हें काम बताएं या नहीं बताएं। मेरा बताया काम माना जाएगा या नहीं। ऐसे में वह काम करवा नहीं पाएगा। कांग्रेस ने लोगों में गलत धारणा पैदा करने का काम किया है।

### जूली बोले- भेदभाव नहीं किया

राजस्थान विधानसभा में नेता प्रतिपक्ष टीकाराम जूली ने कहा कि भाजपा प्रदेश अध्यक्ष मदन राठौड़ भूल गये हैं कि सदन में प्रत्येक विधायक के अधिकार समान होते हैं। सभी क्षेत्रों का विकास कराना राज्य सरकार की जिम्मेदारी है। प्रदेश में जब भी कांग्रेस राज रहा। विकास कार्य को लेकर कभी भेदभाव नहीं किया गया। क्योंकि विकास, जनकल्याण और समानता की अवधारणा कांग्रेस की पहचान है। जबकि सत्ता का अहंकार और पक्षपात भाजपा की रगों में है। जिसका 13 नवंबर को सातों विधानसभा क्षेत्रों में जनता करारा जवाब देगी। उप चुनाव की सातों सीटों पर भाजपा की हार तय है।

## कांग्रेस के बयान पर शिक्षा मंत्री दिलावर का पलटवार



जयपुर। शिक्षा मंत्री मदन दिलावर ने कांग्रेस अध्यक्ष के बयान पर पलटवार करते हुए कहा कि रीट में चीट करने के जिम्मेदारों को हर जगह खोट ही दिखाई देगा। बड़बोले डोटासरा ने आंखों पर पट्टी बांध रखी है। इसीलिए उन्हें भजनलाल शर्मा की सरकार द्वारा की जा रही भर्तियों और विकास के काम दिखाई नहीं दे रहे। दिलावर ने कहा कि डोटासरा शायद नहीं चाहते कि महिलाओं को तृतीय श्रेणी शिक्षक भर्ती लेवल वन में आरक्षण मिले इसीलिए इसमें अड़चनें डालना चाह रहे हैं। पहली बार सरकार आगे खाली होने जा रहे पदों की भी गणना कर भर्तियां करने जा रही है। कांग्रेस राज में जो भर्तियां अटकी थीं उनको भी हमने पूरा किया है। कांग्रेस ने युवाओं की आँखों में धूल झोंकी थी जिसका परिणाम ये हुआ कि या तो भर्तियां न्यायालय में रुक गई या पेपर लीक के कारण रद्द की गई।

## खींवसर सीट को लेकर लगे आरोप-प्रत्यारोप

जयपुर। खींवसर विधानसभा सीट 13 नवंबर को होने वाले उपचुनावों में सबसे हॉट सीट बनी हुई है। यहां कांग्रेस से रतन चौधरी, भाजपा से रेवंत राम डांगा और राष्ट्रीय लोकतांत्रिक पार्टी से हनुमान बेनीवाल की पत्नी कनिका बेनीवाल मैदान में हैं। माना जा रहा है कि इन चुनावों में तीनों के बीच कड़ा त्रिकोणीय मुकाबला होने की संभावना है। यह सीट आरएलपी के हनुमान बेनीवाल के सांसद बनने के बाद खाली हुई है तो पार्टी के लिए जीत प्रतिष्ठा से जुड़ी हुई है। अब हनुमान बेनीवाल जनता से यही अपील करते हुए दिख रहे हैं कि मेरी 20 साल की मेहनत खराब नहीं जाए, इसलिए रालोपा को जिताइए। वहीं भाजपा नेता ज्योति मिर्धा हनुमान बेनीवाल पर निशाना साधते हुए कह रही हैं कि हनुमान बेनीवाल खुद परिवारवाद का सबसे बड़ा उदाहरण हैं। उन्होंने कहा कि बेनीवाल अपनी अस्तित्व की लड़ाई लड़ रहे हैं।

## मुख्यमंत्री रोजगार उत्सव से हो रहे युवाओं के सपने साकार : भजनलाल

जयपुर। मुख्यमंत्री रोजगार उत्सव की तैयारियों को लेकर सीएम आवास पर समीक्षा बैठक हुई। इसमें सीएम भजनलाल शर्मा ने कहा कि प्रदेश में नियमित रूप से मुख्यमंत्री रोजगार उत्सव आयोजित किए जा रहे हैं। विगत दो रोजगार उत्सवों में 28 हजार 200 युवाओं को नियुक्ति पत्र भी दे चुकी है। अब दिसंबर में प्रस्तावित तीसरे मुख्यमंत्री रोजगार उत्सव में भी हजारों युवाओं को नियुक्तियां दी जाएंगी। सीएम ने कहा कि राज्य सरकार युवाओं को रोजगार देने के संकल्प पत्र के वादे को पूरा करने के लिए पारदर्शी एवं समयबद्ध भर्ती परीक्षाओं का आयोजन सुनिश्चित भी कर रही है।

मुख्यमंत्री ने कहा कि राज्य सरकार पांच वर्षों में निजी क्षेत्र में 6 लाख एवं सरकारी क्षेत्र में 4 लाख सहित कुल 10 लाख रोजगार अवसरों के सृजन की निरंतरता में कृतसंकल्पित होकर कार्य कर रही है। दिसंबर माह में आयोजित होने वाला तीसरा मुख्यमंत्री रोजगार उत्सव युवाओं के रोजगार के सपने को पूरा करने की दृष्टि में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगा और 'सुराज संकल्प' की दिशा में अहम कदम साबित होगा। मुख्यमंत्री ने इस दौरान स्थानीय निकाय विभाग को सफाईकर्मियों की भर्ती के लिए आवेदन प्रक्रिया शीघ्र निस्तारित करते हुए इसे पूर्ण पारदर्शिता के साथ संपादित करने के निर्देश भी दिए। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार 48 हजार 593 चतुर्थ श्रेणी एवं समकक्ष पदों तथा 3 हजार 170 वाहन चालकों की भर्ती प्रक्रिया भी शीघ्र शुरू करेगी।



### मार्च 2025 की स्थिति में रिक्तियों पर भर्ती

उन्होंने विभिन्न विभागों को निर्देशित किया कि वे भर्तियों के संबंध में अभ्यर्थना मार्च 2025 की स्थिति में भिजवाएं, जिससे ज्यादा से ज्यादा पदों पर भर्तियां हो और युवाओं को अधिक से अधिक रोजगार के अवसर मिल सकें। उन्होंने कहा कि जिला स्तर पर लंबित विकास कार्यों के लिए कलेक्टर्स जनप्रतिनिधियों से चर्चा कर जमीन आवंटन सुनिश्चित करवाएं।

## राइजिंग राजस्थान समिट की तैयारियों की हुई समीक्षा

जयपुर। राइजिंग राजस्थान ग्लोबल इंवेस्टमेंट समिट के आयोजन की तैयारियों को लेकर मुख्यमंत्री कार्यालय में समीक्षा बैठक का आयोजन किया गया। इस दौरान सीएम ने निर्देश दिए कि 9 से 11 दिसम्बर तक आयोजित होने वाली इस समिट की तैयारियों को अन्तिम रूप देते हुए समिट का सफल आयोजन सुनिश्चित किया जाए। उन्होंने कहा कि राइजिंग राजस्थान ग्लोबल इस्वेस्टमेंट समिट से प्रदेश की वैश्विक स्तर पर साख बढ़ेगी। उन्होंने कहा कि समिट के दौरान आयोजित होने वाले सांस्कृतिक कार्यक्रमों सहित अन्य गतिविधियों में राजस्थान की लोक संस्कृति एवं लोक कला से संबंधित थीम को ज्यादा से ज्यादा जोड़ा जाए। जिससे इस ग्लोबल समिट में भाग लेने वाले देश-विदेश के निवेशकों को भी राजस्थान की समृद्ध एवं लुभावनी लोक संस्कृति की झलक देखने को मिले।मुख्यमंत्री ने निर्देश दिए कि कार्यक्रम की थीम को राजस्थान की संस्कृति से भी जोड़ा जाए।

## राष्ट्रीय आयुर्वेद संस्थान का अपना घर आश्रम जामडोली में शिविर आयोजित




» जागरूक जनता @ जयपुर। आयुर्वेद दिवस-2024 के उपलक्ष्य में राष्ट्रीय आयुर्वेद संस्थान मानद विश्वविद्यालय जयपुर द्वारा अपना घर आश्रम, जामडोली, जयपुर में एक दिवसीय शिविर का आयोजन किया गया। शिविर से 117 वृद्धावस्था समूह के रोगियों को लाभान्वित किया गया। शिविर में चिकित्सकों द्वारा स्वास्थ्य परीक्षण करने के साथ ही निशुल्क औषधीय दी गई। रसशास्त्र विभाग से प्रोफेसर संजय अग्रवाल, डॉ. रितेश रामनानी, पीजी छात्रों और कर्मचारियों ने इस शिविर में भाग लिया। अपना घर आश्रम के अध्यक्ष अमिताभ कौशिक ने वृद्धजन के स्वास्थ्य लाभ के लिए इस कार्यक्रम के सफल आयोजन के लिए राष्ट्रीय आयुर्वेद संस्थान जयपुर की टीम का आभार व्यक्त किया।

# 2 साल में 10 करोड़ की फर्जी डिग्रियां बांटी, 16 निजी विवि पर गिरेगी गाज

जागरूक जनता
jagrukjanta.net

जयपुर। 17 अक्टूबर 2024 को जयपुर पुलिस ने फर्जी डिग्रियां डिप्लोमा बेचने वाले गिरोह का खुलासा किया था। डीसीपी ईस्ट तेजस्वनी गौतम के निर्देश पर पुलिस टीम ने जयपुर के प्रताप नगर स्थित एक ई-मित्र सेंटर पर दबिश दी। वहां पर कार्यरत कर्मचारी 20 हजार रुपए से लेकर 2 लाख रुपए वसूल कर फर्जी डिग्रियां बेचते पाए गए। ना किसी को कॉलेज या यूनिवर्सिटी में जाकर फार्म भरने जरूरत और ना ही क्लास रूम में जाने की। घर बैठे बैक डेट में डिग्रियां बांटे जाने का खुलासा पुलिस ने किया था। पुलिस जांच में पता चला कि फर्जी डिग्री डिप्लोमा बांटने वाले इस गिरोह में निजी विश्वविद्यालय भी लिप्त है। गिरोह के सदस्य फर्जी सर्टिफिकेट के बदले निजी विश्वविद्यालय के बैंक खातों में ऑनलाइन रुपए जमा कराते थे। ऐसा करने पर विश्वविद्यालयों की ओर से कमीशन भी दिया जाता है। डीसीपी ईस्ट तेजस्वनी गौतम ने बताया कि जगतपुरा इलाके के सेक्टर 8 स्थित यूनिट एजुकेशन कंसल्टेंसी और एसएसआईटी सेंटर के नाम से ई मित्र संचालित था। ई-मित्र की आड़ में फर्जी डिग्रियां और डिप्लोमा बांटे जाने की शिकायत पर एडिशनल डीसीपी आशाराम चौधरी के निर्देशन में टीम बना कर मौके पर भेजी। तलाशी के दौरान देश के अलग अलग राज्यों के 16 विश्वविद्यालयों के फर्जी डिग्री डिप्लोमा बांटे जाने के दस्तावेज मिले। तेजस्वनी गौतम ने बताया कि चूंकि मामला गंभीर था। ऐसे में एसआईटी का गठन किया गया। एसआईटी के सदस्य जांच के लिए निजी विश्वविद्यालय पहुंचे तो कई विश्वविद्यालयों ने पुलिस को एंट्री तक नहीं दी। इसके बाद एसआईटी के हैड बस्सी एसीपी आईपीएस विनय कुमार ने महानगर मेट्रो कोर्ट 5 से सर्च वारंट जारी करवाया। अब पुलिस टीम निजी विश्वविद्यालयों पर शिकंजा कसने की तैयारी में है।



### जांच में ऐसे सामने आई मिलीभगत

फर्जी डिग्री, डिप्लोमा, माइग्रेशन बांटे जाने के मामले की जांच में पुलिस कई अहम तथ्य हाथ लगे हैं। पुलिस ने ई-मित्र संचालकों के कंप्यूटर, पेन ड्राइव सहित कई उपकरण जब्त किए। जांच में पता चला कि डिग्री, डिप्लोमा और माइग्रेशन दिए जाने के बदले निजी विश्वविद्यालयों के बैंक खातों में रुपए जमा कराए जाते थे। इसके बदले निजी विश्वविद्यालय संचालकों की ओर से ई-मित्र संचालक को मोटा कमीशन दिया जाता था। यानी जांच यह स्पष्ट हो गया कि इस गिरोह में निजी विश्वविद्यालय भी लिप्त है। एसआईटी अब आगे की कार्रवाई में जुटी है।

### घर बैठे 700 डिग्रियां बांटी

पुलिस जांच में यह भी पता चला कि गिरोह ने पिछले दो साल में करीब 700 युवाओं को घर बैठे डिग्रियां, डिप्लोमा और माइग्रेशन सर्टिफिकेट बेच दिए। यानी बिना कॉलेज गए ही स्टूडेंट्स को डिग्रियां मिल गई। जिन निजी विश्वविद्यालयों की डिग्रियां बेची गई, उनमें बिहार, उत्तर प्रदेश, झारखंड, तेलंगाना और राजस्थान की कुल 16 निजी विश्वविद्यालय शामिल हैं। पुलिस के मुताबिक पिछले दो साल में इस गिरोह ने फर्जी डिग्री, डिप्लोमा और माइग्रेशन सर्टिफिकेट बेच कर करीब 10 करोड़ रुपए कमाए हैं।

### फर्जी दस्तावेज बरामद किए थे पुलिस ने

जयपुर नेशनल यूनिवर्सिटी जयपुर के पीजीडीसीए की 96 अंकतालिकाएं, पोस्ट ग्रेजुएशन एप्लीकेशन इन कंप्यूटर साइंस के 7 डिप्लोमा, योगा थेरेपी में पीजी 66 डिप्लोमा, 31 डिप्लोमा इन योगा, बीएससी सीबीजेड की 17 अंकतालिकाएं, बीए की 93, बीसीए की 18, बीएससी पीसीएम की 42, बीकॉम की 30, एमबीएम की 12, एमसीए की 6, बीबीए की 6, एमए अंग्रेजी की 18, एमएससी की 3, एमसीए की 5, एमबीए फाईनेंस एंड मैनेजमेंट की 3, एमबीए (बैंकिंग व वित्तीय प्रबंधन) की 1 अंक तालिका और एमबीए विशेष बाजार प्रबन्धक की 3 अंकतालिकाएं मिली थी। साथ ही सुरेश ज्ञान विहार यूनिवर्सिटी की एमसीए सेमेस्टर की 2 अंकतालिकाएं, प्रताप यूनिवरसिटी की लाइब्रेरी एवं इनफोरमेशन साईंस की 1 अंकतालिका, यूनिवर्सिटी ऑफ टेक्नोलोजी के 50 फर्जी दस्तावेज और वर्धमान महावीर खुला विश्वविद्यालय के आरएससीआईटी के 124 सर्टिफिकेट बरामद हु थे।

**फर्जी किराएनामे, शपथ पत्र, डेबिट कार्ड और भी बहुत कुछ जब्त :** पुलिस ने फर्जीडिग्री, डिप्लोमा और माइग्रेशन के साथ कई अन्य फर्जी दस्तावेज भी ई-मित्र सेंटर से बरामद किए थे। इनमें 29 फर्जी किरायानामा, 12 चेक बुक, 97 शपथ पत्र, 14 बैक पास बुक, 13 डेबिट कार्ड और क्रेडिट कार्ड, नेशनल इंस्टीट्यूट ऑफ ओपन स्कूलिंग के 9 आईडी कार्ड, 7 मोबाईल, 1 पेटीएम मशीन, 2 डीवीआर, 1 पावर सप्लाई केस, 1 केमरा डिजिटल जुम मेगापिक्सल, 1 राउटर, 1 सीपीयू इंटेल कंपनी का, 1 मॉनिटर लेनोवो का, दो लैपटॉप, दो पेन ड्राइव और 1 प्रिंटर भी जब्त किया गया।

## जागरूक खबरें

### ■ रावल समाज की 8वीं क्रिकेट प्रतियोगिता संपन्न

» जागरूक जनता @ चित्तौड़गढ़। रावल समाज की 8वीं क्रिकेट प्रतियोगिता का समापन कोटड़ीकलां मे सम्पन्न हुआ जिसमें मुख्य अतिथि जिला प्रमुख भूपेन्द्रसिंह और विशिष्ट अतिथि पारस जैन, नारायणसिंह, जगदीश साहु, कमल सुथार, अनिल सेन, मुंशीलाल रावल, किशोर रावल, पप्पू रावल, कबीर रावल उपस्थित रहे। प्रतियोगिता के दौरान विजेता टीम बालाजी क्रिकेट क्लब एवं उपविजेता टीम विनिंग इलेवन रही।

### ■ बकायादारों के लिए बकाया ब्याज की शत-प्रतिशत माफी का लाभ

» जागरूक जनता @ उदयपुर। राज्य सरकार द्वारा आबकारी विभाग की पुरानी बाकीयात को निपटाने के लिए आबकारी एमनेस्टी योजना-2024 प्रारंभ की है जिसके तहत बकायादारों को बकाया राशि जमा करवाने पर बकाया ब्याज की शत-प्रतिशत माफी का लाभ प्रदान किया जा रहा है। आबकारी आयुक्त शिवप्रसाद एम नकाते ने बताया कि आबकारी विभाग के बकायादारों के लिए आबकारी एमनेस्टी योजना-2024 पुरानी बकाया को निपटाने का सुगम अवसर है। उक्त योजना के तहत बकायादारों द्वारा बकाया राशि जमा करवाने पर बकाया ब्याज की शत-प्रतिशत माफी के साथ ही मूल बकाया राशि में भी छूट का प्रावधान किया गया है। यह योजना 31 दिसम्बर 2024 तक प्रभावी है।

### ■ देवनानी का सिडनी पहुंचने पर हुआ स्वागत

» जागरूक जनता @ अजमेर। राजस्थान विधानसभा अध्यक्ष वासुदेव देवनानी चार देशों की यात्रा के दौरान मंगलवार को सिडनी पहुँचे, जहां पर अधिकारियों ने स्वागत किया। देवनानी ने सिडनी में आयोजित भारत रीजन के 67वें राष्ट्र मण्डल संसदीय संघ के सम्मेलन की डेलीगेट ब्रीफिंग में भाग लिया। श्री देवनानी ने सम्मेलन में मौजूद उत्तर प्रदेश, उत्तराखण्ड, कर्नाटक, तमिलनाडु सहित भारत के विभिन्न प्रदेशों के विधान सभा अध्यक्षों और सांसदों से मुलाकात की।

### ■ चुनरी मनोरथ एवं छप्पन भोग आयोजित

» जागरूक जनता @ चित्तौड़गढ़। मेवाड़ महोत्सव समिति द्वारा गंभीरी तट पर चुनरी मनोरथ, छप्पन भोग, अन्नकुट, गंभीरी मैया की महाआरती एवं दीपदान का भव्य आयोजन आयोजित किया गया। समिति अध्यक्ष अनंत समदानी एवं गोपाल भूतड़ा के अनुसार गंभीरी नदी तट पर चुनरी मनोरथ का ऐसा भव्य आयोजन पहली बार आयोजित किया गया, जिसमें कोटा, उदयपुर से स्पेशल 20-25 नावें एवं सेफ्टी जैकेट, व्यवस्था के लिए गोताखोर, 501 फीट लम्बी चुनर, मैया के लिए छप्पन भोग, अन्नकुट प्रसाद, ढोल-नगाड़े, पताकाएँ, शंख एवं हजारों की संख्या में बनाए आटे के दीपक से महाआरती व दीपदान किया गया।

‘अंग्रेजी भाषा अध्ययन में प्रगति पर’ तीसरा अंतर्राष्ट्रीय सम्मेलन 15 से

# दुनिया के विद्वान, शोधकर्ता और शिक्षक अंग्रेजी भाषा के अध्ययन के लिए नवीन दृष्टिकोण का लगाएंगे पता, यूईएम करेगा मेजबानी

जागरूक जनता jagrukjanta.net

**चौमूं/जयपुर।** यूनिवर्सिटी ऑफ इंजीनियरिंग एंड मैनेजमेंट (यूईएम), जयपुर में अंग्रेजी विभाग 15-17 नवंबर को अंग्रेजी भाषा अध्ययन में प्रगति पर अपने तीसरे अंतर्राष्ट्रीय सम्मेलन की मेजबानी करेगा। यह प्रतिष्ठित कार्यक्रम दुनिया भर के विद्वानों, शोधकर्ताओं और शिक्षकों को विचारों का आदान-प्रदान करने और अंग्रेजी भाषा के अध्ययन के लिए नवीन दृष्टिकोणों का पता लगाने के लिए एक साथ लाएगा। सम्मेलन में मुख्य वक्ताओं में अंतर्राष्ट्रीय और राष्ट्रीय विशेषज्ञों का एक प्रतिष्ठित पैनल शामिल होगा।

श्री विक गैफ़नी, निदेशक, कावेती लॉ फर्म, दार्शनिक और शिक्षाविद्, ऑस्ट्रेलिया, डॉ. एवगेनिया झारिकोवा, एसो. प्रो., शोभित विवि, अंग्रेजी भाषा विशेषज्ञ, रूस, डॉ. श्रीनिवास राव कावेती, शिक्षाविद और कानून विशेषज्ञ, कावेती लॉ फर्म, यूएसए, डॉ. एस.ए. दर्शन समरवीरा, उप महानिदेशक, राष्ट्रीय शिक्षा संस्थान, श्रीलंका, प्रो. (डॉ.) सुरेश कुमार अग्रवाल, केंद्रीय विवि गुजरात, गांधीनगर, भारत, प्रो. (डॉ.) अनीता सिंह, बनारस हिंदू विवि, वाराणसी, भारत, प्रो. (डॉ.) अपराजिता हाजरा, प्रोफेसर, डायमंड हार्बर महिला विवि, पश्चिम बंगाल, भारत, प्रो. (डॉ.) राजुल भार्गव, राजस्थान विवि, जयपुर, प्रो. (डॉ.) जी.ए. घनश्याम, संयुक्त निदेशक, उच्च शिक्षा निदेशालय, छत्तीसगढ़, भारत, प्रो. (डॉ.) हेमेंद्र सिंह चंडालिया, प्रोफेसर, जनार्दन राय नागर विद्यापीठ, राजस्थान, भारत, डॉ. कंवर पाल सिंह, प्रमुख, अंग्रेजी विभाग, मिहिर भोज (पीजी) कॉलेज, नोएडा, भारत, डॉ. रुबीना खान, प्रोफेसर, ढाका विवि, बांग्लादेश की अंतर्राष्ट्रीय मंच में हाइब्रिड भागीदारी होगी, जिसमें वैश्विक विद्वानों की व्यक्तिगत और आभासी दोनों तरह की उपस्थिति होगी। ऑस्ट्रेलिया, अमेरिका, रूस, बांग्लादेश, श्रीलंका और भारत के विभिन्न क्षेत्रों के प्रतिनिधि चर्चाओं में योगदान देंगे।

सम्मेलन संयोजक प्रो. (डॉ.) मुकेश यादव ने कहा, "हमें उम्मीद है कि दो दिवसीय सम्मेलन के दौरान सौ से अधिक शोध पत्र और लेख प्रस्तुत किए जाएंगे, जिससे यह सभी उपस्थित लोगों के लिए एक मजबूत बौद्धिक आदान-प्रदान बन जाएगा।" विश्वविद्यालय लगातार ऐसे शोध-संचालित कार्यक्रमों को बढ़ावा देने में गर्व महसूस करता है जो रचनात्मकता और बौद्धिक जिज्ञासा को बढ़ावा देते हैं। यूईएम जयपुर के कुलपति प्रो. (डॉ.) बिस्वजय चटर्जी ने अपना उत्साह व्यक्त करते हुए कहा "यह सम्मेलन हमारे छात्रों को अंतरराष्ट्रीय विचारकों से जुड़ने और वैश्विक मंच पर अपने विचारों को प्रदर्शित करने का एक अविश्वसनीय अवसर प्रदान करता है। इस तरह के आयोजन अकादमिक उत्कृष्टता और अंतर-सांस्कृतिक संवाद के प्रति हमारी प्रतिबद्धता को मजबूत करते हैं।" यूईएम जयपुर के रजिस्ट्रार प्रो. (डॉ.) प्रदीप कुमार शर्मा ने अंतःविषय सहयोग के महत्व पर जोर दिया "अंग्रेजी भाषा अध्ययन विभिन्न विषयों में अकादमिक और पेशेवर उत्कृष्टता की आधारशिला है। यह सम्मेलन भाषा अध्ययन और अंतःविषय अनुसंधान की सीमाओं को आगे बढ़ाने वाली महत्वपूर्ण चर्चाओं के लिए एक मंच प्रदान करने के लिए यूईएम जयपुर के समर्पण को दर्शाता है। विभिन्न सांस्कृतिक और बौद्धिक पृष्ठभूमि से विद्वानों को आमंत्रित करके, हम एक समग्र वातावरण बना रहे हैं जहाँ सीखना सीमाओं को पार करता है।" यूईएम जयपुर में अंतरराष्ट्रीय सम्मेलनों को सफलतापूर्वक आयोजित करने की परंपरा है, पिछले दो आयोजनों को उनकी व्यावहारिक चर्चाओं और क्षेत्र में प्रभावशाली योगदान के लिए प्रशंसा मिली है। इस वर्ष का सम्मेलन और भी अधिक व्यापक और समावेशी होने का वादा करता है, जिसमें प्रतिभागी भाषा, साहित्य भाषा विज्ञान, साहित्यिक विश्लेषण, शिक्षाशास्त्र और अन्य क्षेत्रों में अत्याधुनिक शोध साझा करने के लिए उत्सुक हैं।

यूनिवर्सिटी ऑफ इंजीनियरिंग एंड मैनेजमेंट (यूईएम), जयपुर अनुसंधान, नवाचार और विद्वानों के आदान-प्रदान को बढ़ावा देने के लिए प्रतिबद्ध है, जो शिक्षा और शैक्षणिक विकास में वैश्विक नेता के रूप में अपनी भूमिका को मजबूत करता है।

अतिक्रमण पर चित्तौड़ नगर परिषद का दोहरा मापदंड

# वर्षों पुराना प्याऊ अतिक्रमण की चपेट में, व्यापारियों में आक्रोश

जागरूक जनता jagrukjanta.net

**चित्तौड़गढ़ @ इलियास मो. शेख।** शहर में नगर परिषद के द्वारा दीपावली से पूर्व पुलिस विभाग के सहयोग से सुगम यातायात हेतु अतिक्रमण विरोधी कार्रवाई का अभियान चलाया गया था, लेकिन इसमें नगर परिषद का दोहरा मापदंड देखकर कई व्यापारियों में आक्रोश है। नगर परिषद के द्वारा एक तरफा कार्रवाई का विरोध चारों ओर मुखर हो रहा है। हालांकि चित्तौड़गढ़ शहर अब राम भरोसे ही चल रहा है।

पुलिस विभाग और नगर परिषद के अतिक्रमण दस्ता के द्वारा दीपावली से पूर्व व्यापारीयो से समझाईश कर यातायात की सुगम व्यवस्था करने हेतु शहर सहित उपनगरीय क्षेत्र में भी अतिक्रमण विरोधी अभियान चलाया गया और अतिक्रमण हटाया भी गया था। लेकिन नगर परिषद के अतिक्रमण दल द्वारा कई जगह टपरी, केबिन, स्टॉल, कुर्सियां, होर्डिंग बोर्ड हटाए गए, लेकिन कई स्थानों पर केबिन कुर्सियां अतिक्रमण को नहीं हटने से कई व्यापारियों में आक्रोश देखने को मिला रहा है। इस तरह की कार्रवाई को शहरवासी एक तरफा कार्यवाही बता रहे हैं और लोगों में आक्रोश है।

साथ ही शहर के रेलवे स्टेशन में भी इस तरह का ही वाकिया देखने को मिला नगर परिषद के अतिक्रमण रास्ते के द्वारा अवैध केबिन को हटाया गया, लेकिन कई समय से रेलवे स्टेशन पर वर्षों पुराने प्याऊ के बाहर सब्जी विक्रेताओं के द्वारा किया गया। अतिक्रमण नगर परिषद के अतिक्रमण दस्ता दल को दिख तो गया लेकिन अतिक्रमण दस्ता प्रभारी के द्वारा सिर्फ सब्जी विक्रेताओं को यहां से अतिक्रमण हटाने की सिर्फ चेतावनी ही दी गई, अतिक्रमण प्रभारी के द्वारा दी गई चेतावनी के बावजूद भी बरसों पुराने प्याऊ के बाहर सब्जी विक्रेताओं के द्वारा अतिक्रमण ज्यों का त्यों बना हुआ है, साथ ही यहां एक सब्जी विक्रेता के द्वारा तो बड़ी पेटी लाकर ही स्थापित कर दी गई है, सब्जी विक्रेताओं के द्वारा इस स्थान को कब्जा करने की साजिश की जा रही है। साथ ही सब्जी विक्रेताओं के द्वारा प्याऊ के आगे पक्का निर्माण कर प्लेटफार्म भी बना दिया गया है। जिसके कारण सड़क छोटी हो गई है, रेलवे स्टेशन के बाहर आने वाले पर्यटकों को प्याऊ नजर ही नहीं आता और पर्यटक पीने के पानी के लिए इधर-उधर भटकते हैं और उन्हें दुकानों में होटल में जाना पड़ता है जिसकी वजह उनकी जेब खाली होती है।

साथ ही इन सब्जी विक्रेताओं के द्वारा सड़क पर अतिक्रमण के बाद सब्जी लेने के ग्राहक वहां अपना वहीं खड़ा कर देते हैं तो जाम की स्थिति पैदा होती है। सड़क पर इस तरह के पक्के निर्माण को अगर नगर परिषद हटा दे तो यहां जाम लगने से यातायात विभाग को निजात मिलेगी।



**स्टेशन पर सब्जी विक्रेताओं की वजह से लगता है जाम**

चित्तौड़ रेलवे जंक्शन के ठीक सामने वर्षों पुराने बने पानी के प्याऊ के पास अवैध रूप से बैठे सब्जी विक्रेताओं द्वार अतिक्रमण किया हुआ है, यहां सब्जी लेने के लिए सड़क पर ही लोग अपने वहां खड़े कर सब्ज़ी लेने लग जाते है जिसके कारण दिनभर और खास तौर पर शाम के समय जाम की स्थिति बनी हुई रहती है और रेलवे स्टेशन से निकलने वाले यात्रियों को परेशानी का सामना करना पड़ता है। जिसकी कोई सुध लेता नजर नहीं आता जिससे चित्तौड़गढ़ की छवि धूमिल होती हैं।

## 9 और 23 नवंबर को ग्राम सभाओं में होगा प्रारूप मतदाता सूचियों का पठन

» जागरूक जनता @ बाड़मेर। विधानसभा क्षेत्रों की मतदाता सूचियों को त्रुटिरहित बनाने के लिए विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण-2025 अभियान के तहत 29 अक्टूबर को प्रारूप सूचियों का प्रकाशन कर दिया गया है। प्रारूप मतदाता सूचियों का 9 एवं 23 नवंबर को आयोजित होने वाली ग्राम सभाओं में पठन किया जाएगा। जिला निर्वाचन अधिकारी एवं जिला कलक्टर टीना डाबी ने बताया कि आगामी 1 जनवरी, 2025 को 18 वर्ष की आयु पूरी करने वाले पात्र मतदाता अपना नाम मतदाता सूची में जुड़वा सकते है। इसके अलावा मौजूदा समय में 17 वर्ष से अधिक आयु वाले व्यक्ति, जो वर्ष 2025 में 1 अप्रैल, 1 जुलाई, 1 अक्टूबर 2025 को 18 वर्ष की आयु पूरी कर रहे हैं। वे भी वीएचए एप अथवा बीएलओ अथवा वोटर सर्विस पोर्टल के माध्यम से प्रारूप-6 में अग्रिम आवेदन कर सकते हैं। जिला निर्वाचन अधिकारी ने बताया कि एसएसआर अभियान के तहत मतदाता सूचियों में नाम जोड़ने, हटाने, मतदाताओं के पते, जन्म तिथि, फोटो आदि में संशोधन के कार्य संपादित किए जा रहे है इसके लिए 28 नवंबर तक आवेदन किया जा सकता है। जिला निर्वाचन अधिकारी ने बताया कि अभियान के तहत आगामी 9 और 23 नवंबर को प्रारूप मतदाता सूचियों का ग्राम सभाओं, वार्ड अथवा आवासीय वेलफेयर सोसायटी की विशेष बैठकों में पठन और सत्यापन किया जाएगा।

## अजमेर रेंज में डीआईजी महीने में दो दिन करेंगे अब ई-सुनवाई

» जागरूक जनता @ अजमेर। पुलिस उप महानिरीक्षक (अजमेर रेंज) ओमप्रकाश ने माह में दो दिन ई-सुनवाई करने की पहल की है। उन्होंने मोबाइल नम्बर जारी किया है, जिस पर परिवादी ना केवल परिवाद दे सकेंगे, बल्कि रेंज कार्यालय की ओर से पहले व आखिरी शुक्रवार को मासिक सुनवाई में सुविधानुसार समय का स्लॉट निर्धारित कर सुनवाई में शामिल हो सकेंगे। डीआईजी (अजमेर रेंज) ओमप्रकाश ने बताया कि आमतौर पर देखने में आया है कि परिवादी नागौर, टोंक और शाहपुरा से परिवाद लेकर अजमेर रेंज कार्यालय पहुंचते हैं। कई बार राजकाज के चलते परिवादी से उनकी मुलाकात नहीं हो पाती। इससे दूरदराज से आने वाले बुजुर्ग, महिला परिवादियों को समय के साथ परिवहन पर धन खर्च करना पड़ता है। इन समस्याओं का समाधान ई-सुनवाई के जरिए सम्भव है।

**नवाचार- प्रत्येक माह के पहले व आखिरी शुक्रवार को होगी वीडियो कॉलिंग से सुनवाई**

**परिवादी मो. 8764853020 पर दर्ज करा सकेंगे परिवाद**

## अफीम किसानों ने किया धरना प्रदर्शन

» जागरूक जनता @ चित्तौड़गढ़। भारतीय किसान संघ अफीम संघर्ष समिति चित्तौड़ प्रांत के नेतृत्व में अफीम किसानों ने कलेक्ट्रेट के बाहर धरना प्रदर्शन कर अफीम किसानों की जायज समस्याओं का समाधान त्वरित करने की मांग कर मांगों से युक्त ज्ञापन भारत सरकार के वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण के नाम अति जिला कलेक्टर को सौंपा। धरने को संबोधित करते हुए बद्रीलाल जाट ने कहा कि भारत सरकार की ओर से हाल ही में नई अफीम नीति घोषित की गई है, जिसमें कुछ प्रावधान सरकार की ओर से पांच वर्ष हेतु किसानों को जारी पट्टो के विरोधाभाषी है। वही भारतीय किसान संघ की मांग व सुझावों पर पूर्व में वित्त मंत्री के साथ हुई वार्ता में बनी सहमति के बिंदू भी हाल में जारी नई अफीम नीति में शामिल नही हुए है, नई अफीम नीति में संशोधन कर किया जाना चाहिए। अंबालाल शर्मा ने कहा कि नई अफीम नीति में हजारों किसानों के पट्टे रुक गए हैं, जिन्हें संशोधन कर पुन बहाल किए जाएं। बद्री लाल तेली ने कहा कि किसानों की सभी वाजिब मांगे सरकार को माननी चाहिए। नई अफीम नीति में जितने पट्टे नए मिले हैं उससे दो गुना अफीम पट्टे किसानों के रुक गए हैं जिससे किसानों का रोजगार समाप्त हुआ है, ऐसे में नीति में संशोधन अनिवार्य है।

## जालोर जिला बास्केटबॉल संघ के चुनाव आज

» जागरूक जनता @ जालौर। जिला बास्केटबॉल संघ के चुनाव अधिकारी रामनिवास चौधरी ने जानकारी उपलब्ध करवाकर बताया कि जालोर जिला बास्केटबाल संघ की वार्षिक साधारण सभा का आयोजन आज बुधवार को माजीसा रिसोर्ट बिशनगढ़, जालोर में आयोजित होगा। प्रस्ताव में लिए गए समस्त बिंदुओं को पारित करवाने के पश्चात वर्ष 2024 - 2028 की अवधि के लिए संरक्षक अध्यक्ष वरिष्ठ उपाध्यक्ष सचिव कोषाध्यक्ष के एक एक पदों उपाध्यक्ष के चार पदों संयुक्त सचिव के तीन पदों तथा कार्यकारिणी सदस्यों के आठ पदों पर चुनाव कार्यवाही सम्पन्न करवाने हेतु जालोर जिला ओलिंपिक संघ के महासचिव लाल सिंह सांखला ने जालोर जिला ओलिंपिक संघ के पर्यवेक्षक प्रकाश बिश्नोई को तथा राजस्थान बास्केटबॉल संघ संघ के सचिव देवेंद्र सिंह शेखावत ने सिरोही जिला बास्केटबॉल के सचिव क्षेत्रपाल सिंह को एवं जिला खेलकूद प्रशिक्षण केंद्र के खेल अधिकारी भरत सिंह गुर्जर ने बास्केटबॉल के प्रशिक्षक इमरान खान को पर्यवेक्षक नियुक्त किया हैं जिनकी उपस्थिति में चुनाव प्रक्रिया सम्पन्न होगी।

## अवैध खनन करने पर 10 गुणा रॉयल्टी लगाकर 38 करोड़ का किया जुर्माना

» जागरूक जनता @ ब्यावार। मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा व मुख्य सचिव द्वारा पूर्व में सभी जिला कलेक्टर को अवैध खनन, परिवहन व अतिक्रमण को सख्ती से रोकने व कार्रवाई करने हेतु निर्देशित किया गया था । इसी के संदर्भ में मंगलवार को ब्यावर जिला कलेक्टर डॉ महेंद्र खडगावत के आदेश पर रायपुर उपखंड अधिकारी के नेतृत्व में प्रशासन, पुलिस व खनिज विभाग के संयुक्त तत्वाधान में मंगलवार को अवैध खनन के विरुद्ध बड़ी कार्रवाई की गई । खनिज विभाग द्वारा रायपुर क्षेत्र की चांग तहसील के ग्राम अमरगढ़ में करणी कृपा ग्रेनाइट फर्म द्वारा लीज क्षेत्र से बाहर अवैध खनन करते हुए पाए जाने पर नापचोप किया। गणना करने पर कुल 130110.96 टन अवैध खनन हुआ जिसकी पेनल्टी राशि रॉयल्टी का 10 गुना वसूली योग्य बनती है । इसके अनुसार खनिज विभाग द्वारा 10 गुना रॉयल्टी वसूलकर 37 करोड़ 73 लाख 21 हजार की राशि का जुर्माना लगाया गया । जांच में अवैध खनन क्षेत्र कुल 5571 वर्ग मीटर एवं अवैध अतिक्रमण क्षेत्र 22274 वर्ग मीटर पाया गया । जिला कलेक्टर को पूर्व में उक्त फर्म के विरुद्ध ग्रामवासियों द्वारा अवैध खनन व अवैध अतिक्रमण किए जाने की शिकायते प्राप्त हुई । शिकायतों की जांच व सत्यापन के लिए जिला कलेक्टर ने उपखंड अधिकारी रायपुर को संयुक्त दल के साथ मौके पर पहुंचकर जांच करने व शिकायत सही होने पर कार्रवाई हेतु निर्देशित किया ।

फिफ्टी विलेजर्स संस्थान ने किसान के बेटे की बदल दी जिंदगी

# रावतसर एससी समाज का छात्र मानाराम पहला डाक्टर बनेगा

जागरूक जनता jagrukjanta.net

**रावतसर।** ग्राम पंचायत रावतसर निवासी किसान जुझाराम मेगवाल ने अपने सपने में भी नहीं सोचा था कि उसका भी बेटा एक दिन डाक्टर बनकर दुनिया की सेवा करेगा। दरअसल जुझाराम किसान है और खेती किसानी करके अपने परिवार का पालन पोषण करते हैं। अब उनका पुत्र मानाराम आयुर्वेद डाक्टर बनेगा। उसका चयन बीएएमएस गवर्मेंट आयुर्वेद महाविद्यालय भरतपुर में पांच साल की ट्रेनिंग हेतु चयन हुआ है।

मानाराम के पिताजी जुझाराम किसान है और परिवार की आर्थिक स्थिति अच्छी नहीं है। मानाराम ने बताया कि उसकी प्रारंभिक शिक्षा राउप्रावि गुले का नाडिया में हुई और नवमी और दसवीं की पढ़ाई राउमावि रावतसर में की। उसके बाद उसको डॉ भरत सहारण द्वारा संचालित फिफ्टी विलेजर्स संस्थान के बारे में जानकारी मिली, संस्थान से संपर्क किया प्रवेश टेस्ट दिया और पास हो गया। उसके बाद लगातार डॉ भरत जी के निर्देशन में दो साल जमकर पढ़ाई की और सफलता हासिल की।अब पांच साल तक भरतपुर सरकारी कालेज में ट्रेनिंग करने के बाद डाक्टर बनकर दुनिया की सेवा करेगा।



### रावतसर एससी समाज का पहला डाक्टर होगा

गौरतलब है कि रावतसर के एससी समाज के लगभग दो सौ घरों की बस्ती है और इस गांव से पहला डाक्टर होगा। जानकारी के अनुसार जाटा मेगवाल समाज बाड़मेर का संभवतः मानाराम पहला आयुर्वेद डाक्टर होगा।

### ग्रामीणों ने किया स्वागत

मानाराम के डाक्टर ट्रेनिंग हेतु सरकारी कालेज में चयनित होने के बाद रविवार को पंचायत समिति सदस्य प्रतिनिधि गेनाराम मेगवाल, युवा उद्यमी पेमाराम पोटलिया, रिपोर्टर डालू जाखड़, समाजसेवी घमूराम चौहान,शिक्षक नेता धन्नाराम चौहान, लालाराम भांभू, ओमप्रकाश, पुखराज,धारूराम चौहान सहित ग्रामीणों ने मानाराम के घर जाकर साफा पहनाकर और मुंह मिठा करवाकर उसके उज्जवल भविष्य की बधाई दी।

मोहन यादव सरकार की कैबिनेट में फैसला

# एमपी में महिलाओं को सरकारी नौकरी में 35% मिलेगा आरक्षण

जागरूक जनता jagrukjanta.net

**जयपुर।** मुख्यमंत्री मोहन यादव की अध्यक्षता में मंगलवार को कैबिनेट की बैठक हुई। मंत्रिपरिषद ने मध्य प्रदेश सरकार की सभी सेवाओं की भर्तियों में महिलाओं के लिए 35 प्रतिशत आरक्षण को मंजूरी दे दी। कैबिनेट की बैठक के बाद मध्य प्रदेश के डिप्टी सीएम राजेंद्र शुक्ला ने कहा, 'मध्य प्रदेश में सरकारी सेवाओं के तहत सभी भर्तियों में (महिलाओं के लिए) आरक्षण 33 प्रतिशत से बढ़ाकर 35 प्रतिशत कर दिया गया है। यह निर्णय पहले लिया गया था और आज इसे राज्य कैबिनेट ने मंजूरी दे दी। यह राज्य में महिला सशक्तीकरण की दिशा में एक बड़ा कदम है।'

### कैबिनेट बैठक में लिए गए ये बड़े फैसले

कैबिनेट के फैसलों के बारे में जानकारी देते हुए शुक्ला ने कहा कि कैबिनेट ने राज्य में 254 नए उर्वरक बिक्री केंद्र खोलने को मंजूरी दी है। डिप्टी सीएम शुक्ला ने बताया कि मंत्रिपरिषद ने सारनी में 660 मेगावाट क्षमता का एक महत्वपूर्ण ताप विद्युत संयंत्र स्थापित करने की मंजूरी दे दी है। इसके लिए कुल 830 मेगावाट क्षमता की विद्युत संयंत्र इकाइयों (205 मेगावाट क्षमता के दो विद्युत संयंत्र तथा 210 मेगावाट क्षमता के दो अन्य संयंत्र) को बंद कर दिया जाएगा।

### टीचरों की भर्ती को लेकर भी बड़ा फैसला

उन्होंने आगे बताया कि कैबिनेट ने मेडिकल कॉलेज में सहायक प्राध्यापक की भर्ती आयु 40 साल से बढ़ाकर 50 साल करने की अनुमति भी दी है। शुक्ला ने कहा कि रीवा में आयोजित क्षेत्रीय औद्योगिक सम्मेलन काफी सफल रहा और सम्मेलन में लगभग 4,000 निवेशकों और व्यापारियों ने भाग लिया। सम्मेलन में 31,000 करोड़ रुपये के निवेश प्रस्ताव प्राप्त हुए और इससे प्रदेश में 28,000 से अधिक रोजगार के अवसर पैदा होंगे।

### जीआईएस-2025 सम्मेलन का आयोजन

बता दें कि क्षेत्रीय उद्योग सम्मेलन 'निवेश मध्य प्रदेश - वैश्विक निवेशक शिखर सम्मेलन-2025' के पूर्व-आयोजन के रूप में प्रदेश में आयोजित किया जा रहा है। जीआईएस-2025 का आयोजन अगले साल 7 और 8 फरवरी को भोपाल में प्रस्तावित है। जीआईएस-2025 सम्मेलन का मुख्य उद्देश्य मध्य प्रदेश को अनुकूल निवेश गंतव्य के रूप में स्थापित करना और राज्य की क्षमताओं, प्रचुर संसाधनों और अनुकूल औद्योगिक वातावरण को उजागर करके इसे देश के अग्रणी राज्यों में शामिल करना है।

### राज्य के इन जिलों में भी किया गया आयोजित

क्षेत्रीय उद्योग सम्मेलन का पहला संस्करण इस साल 1 और 2 मार्च को उज्जैन में आयोजित किया गया था। इसके बाद दूसरा संस्करण 20 जुलाई को जबलपुर में, तीसरा संस्करण 28 अगस्त को ग्वालियर में, चौथा संस्करण 27 सितंबर को सागर में और पांचवां संस्करण पिछले महीने 23 अक्टूबर को रीवा में आयोजित किया गया था।


## घर मंगवाये जागरूक जनता हमें कहें.....

सदस्यता फार्म    दिनांक ....................

**जागरूक जनता हिन्दी अखबार एक उद्देश्य, एक मिशन, एक विश्वास के साथ आमजन की समस्याएं, वर्तमान राजनीतिक परिदृश्य, सांस्कृतिक गलियारा, भौगोलिक दृष्टिकोण को एक-दूसरे से साझा करने के लिए एक सेतु का काम कर रहा है। शहरी व ग्रामीण क्षेत्रों में आधुनिकतम एवं तकनीकी जानकारी पहुंचाकर शहरी एवं ग्रामीण विकास को प्रोत्साहित कर रहा है। जागरूक जनता समय-समय पर भिन्न-भिन्न विषयों के साथ- अपने पाठकों के बीच उपस्थित रहता है।**

सदस्यता राशि

☐ एक वर्ष रु. 250/- ☐ दो वर्ष रु. 450/- ☐ तीन वर्ष रु. 600/- ☐ पांच वर्ष रु. 1000/-

डाक से नियमित रुप से निम्न पते पर जागरूक जनता भेजने के लिए डिमान्ड ड्राफ्ट/मनीऑर्डर जागरूक जनता के नाम भेज रहा हूं। फोन-पे, पेटीएम-9829329070

नाम / संस्था का नाम ....................

पता : ....................

फोन .................... पिन कोड

राशि (रुपए) .................... बैंक का नाम ....................

डिमान्ड ड्राफ्ट / मनीऑर्डर क्रमांक (डीडी/एमओ जागरूक जनता के नाम भेजें)

• सदस्यता रजिस्ट्रेशन क्रं. ....................रसीद क्रं. ....................

दिनांक ....................    हस्ताक्षर

सदस्यता हेतु लिखे प्रसार प्रभारी →

जागरूक जनता विश्वसनीय हिन्दी अखबार

बी-132, जे.पी. कॉलोनी, सैक्टर-4, विद्याधर नगर, जयपुर (राज.) मो.- 9829329070, 9928022718

## संसद का शीतकालीन सत्र 25 नवंबर से

» **जागरूक जनता @ नई दिल्ली।** संसद के शीतकालीन सत्र में कई अहम मुद्दों पर चर्चा होगी। इस दौरान कई खास बिल भी पेश किए जाएंगे। सत्ता पक्ष और विपक्ष के बीच भी हंगामे के आसार हो सकते हैं। शीतकालीन सत्र 25 नवंबर से शुरू होगा और 20 दिसंबर तक चलेगा। शीतकालीन सत्र के कार्यक्रम की की जानकारी संसदीय कार्य मंत्री किरेन रिजिजू ने दी है। किरेन रिजिजू ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर कहा कि 26 नवंबर को संविधान को अपनाने की 75वीं वर्षगांठ पर संसद के सेंट्रल हॉल में संविधान दिवस भी मनाया जाएगा। संसद का शीतकालीन सत्र 21 बैठकों वाला होगा। इसमें महत्वपूर्ण विधेयक पारित किए जाएंगे। संयुक्त संसदीय समिति की सिफारिशों पर विचार करने के बाद सत्र में वक्फ (संशोधन) विधेयक पर चर्चा हो सकती है। सरकार पूर्वी लद्दाख में भारत-चीन के बीच तनाव कम करने के प्रयासों के बारे में भी संसद को जानकारी दे सकती है।












































संपादक : **ज्ञानेन्द्र मिश्रा** मो.-9829329070, फोन : 0141-3587886, ईमेल : jagrukjantanews@gmail.com (सभी मामलों का न्याय क्षेत्र जयपुर) * पीआरबी एक्ट के तहत खबर चयन के जिम्मेदार। **संपादकीय कार्यालय** : 180, जे.पी. कॉलोनी, मैन आपीए रोड, 16 नं. बस स्टैण्ड, विद्याधर नगर, जयपुर (राजस्थान)-302039